दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



पुष्पा 2 को प्रमोशन की जरूरत नहीं .....

को स्टार्स की जमकर की तारीफ.....

वर्ष : 10 अंक : 359 लखनऊ, 12 दिसम्बर , गुरूवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

विकसित भारत होने के सही ट्रैक पर है देश : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 के ग्रैंड फिनाले में युवा इनोवेटर्स के साथ बातचीत की। अपने संबोधन के शु ?आत में उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा लालकिले से एक बात कही है, मैंने कहा है- सबका प्रयास। आज का भारत सभी के प्रयास से ही तेज गति से आगे बढ़ सकता है। आज का ये दिन इसी का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के इस ग्रैंड फिनाले का मुझे बहुत इंतजार था। जब भी आप जैसे युवा इनोवेटर्स के बीच आने का मौका मिलता है तो मुझे भी बहुत कुछ जानने, सीखने और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि आप सभी से बात करने के बाद मेरा विश्वास और बढ़ गया है कि देश 'विकसित भारत' होने के सही ट्रैक पर है।

मोदी ने कहा कि आप सभी युवा

इनोवेटर्स के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का नजरिया कुछ अलग है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते है। इसलिए जब आपको नए चैलेंजेज मिलते हैं तो आप नए और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पहले हैकथॉन में भाग लिया है और आपने मुझे कभी निराश नहीं किया है। इसके बजाय, आपने मेरा मनोबल बढ़ाया है। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा विशेष है और बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर पाने का हकदार है। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे प्राप्त करने के लिए नवीन समाधानों की लगातार आवश्यकता होती है। आपकी टीम से जुड़े समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। आपने नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में भी जरूर सुना होगा। ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। लेकिन देश के दुश्मन, भारत में हथियारों और ड्रग्स के तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में मेरे लिए खुशी की बात है कि आप सभी, ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि आप सभी को पता है कि भविष्य की दुनिया नॉलेज और इनोवेशन से ही ड्राइव होने वाली है। ऐसे में आप सभी भारत की आशा है, प्रेरणा हैं। आज दुनिया कह रही है कि भारत की ताकत... हमारी युवाशक्ति हैं, हमारा इनोवेटिव यूथ हैं, हमारी टेक पावर है। उन्होंने कहा कि बीते 7 सालों में जितने भी हैकाथॉन हुए हैं, उनके बहुत सारे समाधान आज देश के लोगों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। कई बड़ी समस्याओं का समाधान इन हैकॉथान्स ने दिया है। छात्रों में वैज्ञानिक मानसिकता का पोषण करने के लिए हमने नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू की है। उन्होंने कहा कि देश के अगले 25 सालों की पीढ़ी, भारत की अमृत पीढ़ी है। आप सब पर विकसित भारत की जिम्मेदारी है और हमारी सरकार आज की इस पीढ़ी को हर साधन, संसाधन सही समय पर देने के लिए कमिटेड है।

लोकसभा में हंगामा जारी, स्पीकर ओम बिरला से मिले राहुल गांधी

हम चाहते है सदन चले और चर्चा हो...

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि मैंने स्पीकर के साथ बैठक की। मैंने उनसे कहा कि मेरे खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां हटा दी जानी चाहिए। स्पीकर ने कहा कि वह इस पर गौर करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सदन चले और सदन में चर्चा हो। वे मेरे बारे में कुछ भी कहें, हम चाहते हैं कि 13 दिसंबर को बहस हो। वे अडानी पर चर्चा नहीं चाहते।' अंततः हम इसे नहीं छोड़ेंगे। वे हम पर आरोप लगाते रहेंगे लेकिन सदन चलना चाहिए।

कांग्रेस ने बुधवार को लोकसभा में सरकार पर मणिपुर के हालात को छिपाने के लिए अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस को ढाल की तरह

इस्तेमाल करने का आरोप लगाया, जिसके जवाब में सरकार ने कांग्रेस पर सोरोस के साथ मिलीभगत करके देश को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए उसे देश की आंतरिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप और शोर-शराबे के कारण निचले सदन की कार्यवाही डेढ़ घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी।

विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से राज्यसभा के सभापति को पद से हटाने के प्रस्ताव संबंधी नोटिस दिए जाने के अगले दिन, बुधवार को सत्ता पक्ष ने जगदीप धनखड़ का जोरदार बचाव किया तथा दावा किया कि जार्ज सोरोस और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के कथित संबंधों के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए विपक्षी दलों ने आसन पर आक्षेप लगाया है। इन्हीं मुद्दों पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ और एक बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में हंगामे के बीच सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य पिछले दो दिनों से जार्ज सोरोस और कांग्रेस के वरिष्ठतम सदस्य के संबंधों का मुद्दा उठाने का प्रयास कर रहे हैं और इस मुद्दे से ध्यान भटकाने के उद्देश्य से विपक्ष की ओर से आसन पर आक्षेप लगाने का कुत्सित प्रयास किया गया है।

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

संक्षिप्त समाचार

अदाणी ने कोलंबो बंदरगाह परियोजना के लिए अमेरिकी वित्तपोषण का अनुरोध वापस लिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह ने मंगलवार को कहा कि वह श्रीलंकाई बंदरगाह परियोजना के वित्तपोषण के लिए अपने संसाधनों का इस्तेमाल करेगा और इसके लिए अमेरिकी वित्तपोषण का अनुरोध वापस ले लिया गया है। मंगलवार देर शाम एक्सचेंज को दी गई सूचना में अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड ने कहा कि परियोजना अगले साल की शुरूआत तक चालू होने की राह पर है। उसने कहा कि कंपनी अपनी पूंजी प्रबंधन रणनीति के अनुरूप आंतरिक स्रोतों के माध्यम से परियोजना का वित्तपोषण करेगी। कंपनी ने कहा कि उसने 2023 के लिए अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम (डीएफसी) से वित्तपोषण के लिए किया अपना अनुरोध वापस ले लिया है।

अफीम की 45 एकड़ अवैध खेती नष्ट की गई, दो लोग गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मणिपुर : मणिपुर के उखरूल जिले के फुंग्यार में 45 एकड़ क्षेत्र में की गई अफीम की अवैध खेती को नष्ट कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उखरूल पुलिस, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), वन विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मापीथेल पर्वतीय क्षेत्र में अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि अफीम की अवैध खेती में कथित संलिप्तता के आरोप में मौके से लेत्खोहाओ हाओकिप (37) और हेगौ खोंगसाई (30) को गिरफ्तार किया गया है।

केंद्र को कार्रवाई कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी चाहिए: ममता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र को हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देनी चाहिए और लौटने के इच्छुक लोगों को वापस लाना चाहिए। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि फर्जी वीडियो जानबूझकर प्रसारित किए जा रहे हैं, क्योंकि कुछ वर्ग सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हम बांग्लादेश

में अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षा चाहते हैं। केंद्र सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उसे उन लोगों को भी वापस लाना चाहिए जो भारत लौटना चाहते हैं। मुख्यमंत्री जगन्नाथ मंदिर के निर्माण की समीक्षा के लिए दीघा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में लगभग आठ प्रतिशत अल्पसंख्यक हिंदू हैं, जिन्हें पांच अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से 50 से अधिक जिलों में हमलों का सामना करना पड़ा है।

गरीबों की जमीन कब्जा मुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं अधिकारी :सीएम योगी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को गरीबों की जमीनों को कब्जे से मुक्त कराने और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और गरीबों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं, उनके खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे

थे इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात करके उन्होंने आश्वस्त किया कि "किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।"

उन्होंने प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा, "सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी।" जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत की, जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा और उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा।

मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित करके उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न कर पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे, जिन्हें आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। लोगों के प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी खर्चे की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े।

कौन बनेगा संयोजक...रार के बीच जनवरी में हो सकती है इंडिया ब्लॉक की बैठक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा नतीजों के बाद और हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार के बाद पहली बार संसद सत्र के बाद इंडिया ब्लॉक की बैठक होने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि बैठक, जो जनवरी में होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि भाजपा से मुकाबला करने की रणनीति पर फिर से विचार करने और दिल्ली और बिहार जैसे अन्य महत्वपूर्ण राज्यों के चुनावों से पहले गति बढ़ाने के लिए

ये बैठक बुलाई गई है। लेकिन असली मुद्दा, जिस पर कुछ उग्र चर्चाएं देखने को मिल सकती हैं, वह यह हो सकता है कि गठबंधन का संयोजक कौन होगा। अब तक, तृणमूल कांग्रेस के अलावा, राजद के लालू प्रसाद यादव, एनसीपी, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी ने ममता बनर्जी को संयोजक बनाने की दावेदारी का समर्थन किया है। टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने यह स्पष्ट कर दिया जब उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी सात बार की सांसद, चार बार की केंद्रीय मंत्री, तीन बार की मुख्यमंत्री और चौथे कार्यकाल के करीब हैं। इन क्रेडेंशियल्स के साथ, उसके सीवी को बेचने की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि सुशासन पर उनके लगातार रिकॉर्ड और चुनावी तौर पर भाजपा को बड़े पैमाने पर हराने की क्षमता ने देश भर के कई नेताओं को उन्हें एक बड़ी भूमिका में देखने के लिए प्रेरित किया है। हालाँकि, कार्यों में बाधा कांग्रेस है। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी ने अपनी पार्टी के सांसदों के साथ बैठक में उनसे कहा कि चुनावी हार को बाधा के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केवल कांग्रेस है जिसने भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई में कोई समझौता नहीं किया है और वह किसी भी नेतृत्व की भूमिका की दौड़ में नहीं है। सच तो यह है कि कांग्रेस गुट में किसी अन्य पार्टी को जगह देने की इच्छुक नहीं है। इसने नेता के रूप में राहुल गांधी की वकालत की है और इसका आधार यह है कि जब भी वह अभियान चलाते हैं तो भाजपा उन पर प्रतिक्रिया करती है।

सदन और समाज की सहमति हो तो एआई के उपयोग पर कानून लाने को तैयार: वैष्णव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि अगर सदन और समाज की सहमति होगी तो सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग के संदर्भ में कानून लाने के लिए तैयार है। उन्होंने सदन में कांग्रेस सांसद अदूर प्रकाश के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

अदूर प्रकाश ने सवाल किया था कि क्या एआई के उपयोग के विनियमन को लेकर सरकार की कोई कानून बनाने की योजना है? इस के जवाब में वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में दुनिया भर का समाज चुनौतियों का सामना कर रहा है तथा फर्जी समाचार और फर्जी विमर्श से जुड़ी चुनौतियां हैं। उनका कहना था कि इसे (कानून को) लेकर व्यापक सहमति की जरूरत है क्योंकि ये मुद्दे ऐसे हैं जिनसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जुड़ी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस पर चर्चा की जरूरत है। अगर सदन सहमत हो और समाज में व्यापक सहमति हो तो हम नया कानून ला सकते हैं। हम इसके लिए तैयार हैं। वैष्णव ने यह भी कहा कि मोदी सरकार प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करने में विश्वास रखती है, जो कांग्रेस शासन के दौरान नहीं था।

अरविंद केजरीवाल ने इलेक्शन कमीशन से की मुलाकात

भाजपा के खिलाफ 3000 पन्नों के दिए सबूत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और सीएम आतिशी मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने चुनाव आयोग पहुंचे थे। केजरीवाल ने बीजेपी पर वोटर लिस्ट से वोट काटने की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज हमने चुनाव आयोग से मुलाकात की और उनके सामने 3000 पन्नों के सबूत सौंपे कि कैसे बीजेपी दिल्ली के लोगों के वोट काटने की साजिश कर रही है। गरीबों, अनुसूचित जाति और दलितों के वोट काटे जा रहे हैं। एक वोट का महत्व आप भली-भांति जानते हैं।

केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने चुनाव आयुक्त को बताया कि कैसे एक बीजेपी सदस्य ने शाहदरा इलाके में

11,000 लोगों के वोट काटने का काम किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर नाम हटाने की प्रक्रिया को रोका जाए और उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए जिन्होंने बड़े पैमाने पर नाम हटाने का आवेदन किया है। EC ने कहा है कि चुनाव से पहले कोई भी बड़े पैमाने पर डिलीट नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विधानसभाओं में हजारों मतदाताओं के नाम काटने की आवेदन चुनाव आयोग को दी हैं। चुनाव आयोग ने भी इन आवेदन पर चोरी-छिपे काम करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने हमारी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एक्शन लेने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा और पार्टी नेता जैस्मीन शाह शामिल थे। बैठक को सफल बताते हुए आप सुप्रीमो ने त्वरित कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग का आभार व्यक्त किया। अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही कथित मतदाता विलोपन एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है।

एनआईए ने गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ मामले में पंजाब, हरियाणा में 9 स्थानों पर छापे मारे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ मामले की चल रही जांच के तहत बुधवार को पंजाब और हरियाणा में नौ स्थानों पर छापेमारी की। मामले से जुड़े संदिग्धों के खिलाफ मिली सूचना के बाद बुधवार सुबह से ही पंजाब में आठ स्थानों और हरियाणा में एक स्थान पर छापेमारी चल रही है। जानकारी के मुताबिक छापेमारी का उद्देश्य आतंकवादी संगठनों से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों में मदद करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और नेटवर्क पर नकेल कसना है। एनआईए क्षेत्र में सक्रिय गैंगस्टरों और आतंकवादी समूहों के बीच बढ़ते गठजोड़ को रोकने के लिए किए गए तीव्र प्रयासों के बाद किया गया है। बता दें कि पिछले महीने भी एनआईए ने आतंकवादी-

गैंगस्टर गठजोड़ मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी। इस दौरान पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में नौ स्थानों पर दविंदर बंबीहा सिंडिकेट के सहयोगियों से जुड़े परिसरों पर व्यापक तलाशी ली थी। एनआईए की टीम ने हरियाणा के पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम जिलों, पंजाब के जालंधर जिले और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में आतंकवादी-गैंगस्टर सिंडिकेट मामले के संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोबाइल और डिजिटल डिवाइस, बैंकिंग लेनदेन और संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। ये तलाशी एनआईए की उन आतंकी संगठनों पर निरंतर कार्रवाई का हिस्सा थी जो भारत में आतंकवादी हार्डवेयर, जैसे हथियार, गोला-बारूद, नशीले पदार्थ, विस्फोटक आदि की तस्करी करने के आपराधिक षड्यंत्रों में लगे हुए थे। गृह मंत्रालय के निर्देश पर दर्ज मामले में एनआईए की जांच से यह भी पता चला है कि इन संगठनों और आतंकवादियों द्वारा भारतीय धरती पर आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए बड़े पैमाने पर धन जुटाने का प्रयास किया गया था।

संक्षेप

छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कारावास

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नाबालिग के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने के 10 साल पुराने मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने दोषी बंसीलाल मौर्य को तीन साल की कैद और तीन हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। पीड़िता के पिता ने मलिहाबाद थाने में 3 नवंबर 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि वह पत्नी के साथ खेत पर धान काटने गया था। तभी बंसीलाल ने उनके घर में घुसकर बेटी के साथ जबरन छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत की।

चोरों ने घर के सामने खडी कार से कीमती पार्ट किया पार

करतूतें सीसीटीवी कैमरे में कैद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने दो दिन पूर्व एक घर के बाहर खडी वरना कार से कीमती पार्ट पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। वहीं चोरों की करतूतें घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्नेह नगर निवासी मुकेश कुमार पाण्डेय के अनुसार बीते 8 दिसम्बर की रात्रि चोरों ने उनके घर के बहर खडी वरना कार नम्बर जे एच 05 एपी 4845 से कीमती पुर्जे एसीएम चोरी कर फरार हो गए।वहीं उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की करतूतें कैद हो गई है। वहीं पीड़ित का कहना था कि चोरों ने बोनट खोल कर कार की बैट्री निकाल कर सड़क मे कार के समीप रख कार का कीमती पार्ट एसीएम चोरी कर फरार हो गए। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है।

दूसरी मंजिल से गिरकर संविदा रेलवे टेक्निकल असिस्टेंट की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।जानकारी के मुताबिक आशियाना स्थित मानसरोवर योजना के रहने वाले सचिन रावत (30) डीआरएम ऑफिस पर संविदा पर टेक्निकल असिस्टेंट थे। पिता दयाराम के अनुसार कुछ दिन पहले ही उनके बेटे की नौकरी लगी थी उन्होंने बताया कि उनका बेटा मंगलवार देर रात घर से कुछ दूर खड़ी अपनी एसयूवी कार को देखने के लिए छत पर गया था जैसे ही रेलिंग पर खड़ा होकर कार को देखने लगा अचानक उसका संतुलन बिगड़ने से दूसरी मंजिल से सर के बल सीधे रोड पर जा गिरा उनकी चीख सुनकर मंजिल में मौजूद पिता भागकर बाहर गए तो बेटे को गंभीर रूप से घायल देख होश उड़ गए घर में कोहराम मच गया इलाज के लिए उन्हें अपोलो अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

पत्रकारों ने हर्षोल्लास से मनाया सूचना निदेशक का जन्मदिन

सूचना निदेशालय में केक काटकर पत्रकारों ने मनाई खुशियां

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सूचना निदेशक शिशिर सिंह आई.ए.एस. का जन्मदिन सूचना विभाग में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ पत्रकारों ने मनाया। पत्रकारों ने शिशिर सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर श्री शिशिर ने पत्रकारों के साथ केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर शिव शरण सिंह मण्डल अध्यक्ष यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह, उपाध्यक्ष अविनाश चंद मिश्रा, राघवेंद्र त्रिपाठी, संयुक्त सचिव विजय त्रिपाठी, सदस्य अब्दुल वहीद, भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी,

रितेश सिंह, अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, जे पी सिंह, लेखाधिकारी संजय सिंह, परशुराम मौर्या, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शुक्ला, त्रिपाठी, विक्रम सिंह संजीव कपासिया, नवलकांत सिन्हा, सुरेश यादव, सुनील कुमार वर्मा, आशीष कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, सचिव जुबैर अहमद, देवराज सिंह, शिव विजय सिंह, संजय सिंह, धनंजय सिंह, अजय कुमार सिंह, के के सिंह, नजम अहसन, आलोक गुप्ता, अजय सिंह, सुनील, छायाकार आरिफ मुकीम, अंब्रिश सिंह, पवन सिंह, तमन्ना फरीदी, शशांक श्रीवास्तव, प्रमिला चंदानी, सुनील साथ ही भारी संख्या में पत्रकारगण और सूचना विभाग के कपिल सिंह, शालिनी तोमर, प्रमोद, संदीप ओझा, राहुल आदि मौजूद थे।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण सिंह और अब्दुल वहीद ने कहा कि श्री शिशिर जी के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छू रहा है और पत्रकारों के हित संरक्षण में भी अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। परमपिता परमात्मा से यही कामना है कि श्री शिशिर जी सदैव स्वस्थ व सानन्द रहें और दीघार्यु हों। शिशिर जी के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छूकर उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश का सूचना विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने में अव्वल साबित हुआ है सूचना निदेशक ने अपनी कार्यशैली के जरिए पत्रकारों का दिल जीत लिया है।

नशे की हालत में महिला ने पत्थर मार तोड़ा कार का शीशा, दी फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात्रि एक महिला ने नशे की हालत में एक युवक की कार में पत्थर मार शीशा तोड़ दिया और विरोध करने पर उसे फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी देने के साथ युवक द्वारा वीडियो बनाने पर आरोपित महिला ने पीड़ित कार सवार का मोबाइल फोन तोड़ फरार हो गई।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर के मारुतीपुरम निवासी नमन सिंह छाबडा पुत्र कुलदीप सिंह के अनुसार वह मंगलवार की रात्रि करीब 12.30 बजे अपनी कार संख्या यूपी 32 एल एस 3277 से घर जा रहा था। आरोप है कि उस दौरान अंवतिका पांडेय नामक महिला ने आशियाना थाना क्षेत्र में संचालित राज राज होटल के सामने शराब के नशे मे उसकी गाडी के ऊपर पत्थर मार कर सारे शीशे फोड गाली गलोज करने के साथ उसे फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी देने लगी।

कार सवार दबंगों ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर

विरोध पर साथियों संग बाइक सवार को पीटा की बाइक क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना इलाके में बीते चार दिन पूर्व एक अनियंत्रित कार चालक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दिया और विरोध पर रास्ते में रोक उसकी जमकर पीटाई करने के साथ उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित देवी खेड़ा शारदा नगर निवासी राहुल गौतम पुत्र स्व० शिवकुमार के अनुसार बीते 5 दिसम्बर की शाम 05.45 बजे वह अपनी बाइक संख्या यूपी 32 एन एच 0210 पर सवार होकर ऑफिस से तेलीबाग सब्जी मंडी के रास्ते से घर लौट रहा था। आरोप है कि उस दौरान कार नम्बर यूपी 32 एम वी 3904 ने उसकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी दी।जिसका विरोध करने पर कार में बैठे लोगों ने गाली गलौज करने के साथ उसे दोबारा आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सरपोर्ट गंज पुल के पास रास्ते में रोक गाली गलौज करने के साथ बेसबल बैट और हकी से बुरी तरह पीटाई करने के साथ उसे जान से मरने की धमकी देते हुए उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। वहीं पीड़ित का कहना था कि उक्त कार में कुल 6 लोग सवार थे। जिन्होंने उसकी पीटाई करने के साथ उसकी बाइक क्षतिग्रस्त की है। जिसके चलते पीड़ित ने आरोपित कार चालक सहित उसके साथियों के खिलाफ गाडी नम्बर के आधार पर स्थानीय आशियाना थाने पर लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित कार चालक की गाड़ी नम्बर के आधार पर तलाश की जा रही है।

पांच जिलों के डीआईओएस सहित 29 शिक्षा अधिकारियों के तबादले

10 जिलों के प्रभारी डीआईओएस को नियमित तैनाती

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने पांच जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) सहित 29 शिक्षा अधिकारियों के तबादले कर दिए। इन सभी को हाल ही में पदोन्नति मिली है।

गाजियाबाद डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता चन्द्रशेखर को आगरा, सिद्धार्थनगर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) देवेन्द्र कुमार पांडेय को मुरादाबाद, चंदौली के बीएसए प्रकाश सिंह को सिद्धार्थनगर, मऊ डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता माया राम को मीरजापुर का डीआईओएस बनाया गया है। बिजनौर डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता राजीव कुमार यादव को कानपुर नगर का डीआईओएस-द्वितीय बनाया गया है।

इसके अलावा गाजीपुर, कानपुर देहात, सहारनपुर, गोंडा, अयोध्या, देवरिया, बिजनौर, भदोही, मैनपुरी व झांसी में प्रभारी डीआईओएस के पद पर तैनात सभी शिक्षा अधिकारियों को इन्हीं जिलों में नियमित डीआईओएस बना दिया गया है। डायट रायबरेली में वरिष्ठ प्रवक्ता दीपिका चतुर्वेदी को सहायक शिक्षा निदेशक (सेवा-1) शिक्षा निदेशालय प्रयागराज व सीटीई लखनऊ में तैनात प्रवक्ता सीमा को सहायक शिक्षा निदेशक, शिविर कार्यालय लखनऊ में भेजा गया है। वहीं, 12 अन्य शिक्षा अधिकारियों को बेसिक शिक्षा विभाग के निवर्तन में रख दिया गया है। अब इन्हें बेसिक शिक्षा विभाग से नई तैनाती दी जाएगी।

परिषदीय विद्यालयों में छमाही परीक्षा 23 से

परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में छमाही परीक्षा 23 दिसंबर से होगी। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की छमाही परीक्षा व मूल्यांकन की तिथियां घोषित कर दी हैं। हालांकि समय सारणी में कमियां हैं।

कक्षा छह की हिंदी तथा कक्षा सात व आठ की विज्ञान की परीक्षा की तिथि नहीं दी गई है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षण संघ ने सवाल उठाया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किए जाने की मांग की है।

मूल्यांकन का कार्य परीक्षा के साथ–साथ

परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 23 दिसंबर से 28 दिसंबर के मध्य आयोजित होगी। मूल्यांकन व परीक्षा परिणाम तैयार करने के लिए 29 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। मूल्यांकन का कार्य परीक्षा के साथ-साथ किया जाएगा। 30 दिसंबर को परीक्षा परिणाम की घोषणा व प्रगति रिपोर्ट का वितरण होगा। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह में 9:30 बजे से 10:30 बजे तक तथा दूसरी पाली में दोपहर 12:30 से 2:30 बजे के मध्य परीक्षा होगी।

तीन मंजिल इमारत में पांच टीमों ने एक साथ मारा छापा

अमन लेखनी समाचार

मुरादाबाद। राज्यकर स्टेट जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा ने अमरोहा में जैकेट कारोबारी के गोदाम पर छापा मारा है। सुबह नौ बजे से अब तक की जांच में 10 करोड़ रुपये का अपवंचन पकड़ में आया है। अमरोहा से खलीलाबाद, दिल्ली, पंजाब आदि जनपदों को रॉ-मटेरियल भेजा जाता था। हैरान करने वाली बात यह है कि खरीद-फरोख्त का एक भी बिल कारोबारी के पास नहीं है। 25 अधिकारियों की पांच टीमें सुबह नौ बजे से जांच कर रही हैं। अभी भी जांच की जा रही है। जैकेट निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रॉ-मटेरियल की खरीद यथा-नम्दा, फोम, बटर एनएस, टीपीयू पॉलिएस्टर, फर, चैन, रिब, अस्तर, क्लास्टिक, डोरी, कपड़े के रोल, धागा, टैग, पैकिंग पन्नी आदि की भारी मात्रा में बिना प्रपत्रों के अमरोहा के कुछ व्यापारी दिल्ली से कारोबार करने की सूचना मिली थी। अमरोहा के नौगांवा सादात में व्यापारी की गोपनीय जांच कराई गई तो जानकारी सुनने के बाद अधिकारी भी हैरान थे।

कलयुगी बेटे ने हीं की थी अपनी मां की हत्या

अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी हत्या, फिर करता रहा गुमराह

नगराम थाना क्षेत्र के करसंडा गांव में हुई महिला की हत्या का खुलासा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।जिस बेटे को मां ने बड़े प्यार दुलार से पाला था, उसी बेटे ने ही अपनी ही सगी मां को मौत के घाट उतार दिया, पुलिस के मुताबिक कलयुगी बेटा नशे का आदी था, जिसके कारण पत्नी पहले से ही उसको छोड़ कर जा चुकी थी, जिससे छुब्ध होकर वह पत्नी को वापस लाने का मां से दबाव बना रहा था, बात नहीं बनी तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर मफलर की सहायता से गला कस कर मां को मौत के घाट उतार दिया और लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा।

पूरा मामला नगराम थाना क्षेत्र के करसंडा गांव का है, जहां पर 6 दिसंबर को गांव के किनारे एक महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई, शव की शिनाख्त करसंडा गांव निवासी प्रेमा (52) के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मृतका प्रेमा के पुत्र दिलीप द्वारा अपने पिता, भाई, चाचा व अन्य लोगों पर हत्या का शक जाहिर करते हुए नगराम पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों को लगाया गया जिसमें सर्विलांस सेल, तथा नगराम पुलिस टीम द्वारा मैन्युअल टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर घटना का सफल आवरण करते हुए घटना में सम्मिलित आकाश कुमार (20) पुत्र संतराम निवासी ग्राम करसंडा व सुलेमान हुसैन (24) पुत्र सुबराती निवासी ग्राम करसंडा को हिरासत में ले लिया गया, इन अभियुक्त से पूछताछ किए जाने पर ज्ञात हुआ, कि आकाश शराब पीने का आदी था, आकाश की पत्नी मां से हुए झगड़े की वजह से मायके से वापस नहीं आ रही थी, आकाश अपनी माता से शराब हेतु पैसे की मांग करता था, 6 दिसंबर की रात्रि में प्रेमा खेत की रखवाली हेतु गई थी, आकाश भी अपने साथी सुलेमान के साथ वहां पहुंच गया और वाद-विवाद करने लगा, इसके बाद मफलर से गला दबाकर हत्या कर दी, तथा शव को खेत से 50 मीटर दूर नाले के पास छुपा दिया । पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से मृतका के पहने हुए जेवरात अंगूठी, माला, पायल को निकाल लिया और मोबाइल को बंद करके अपने पास रख लिया। अभियुक्त आकाश स्वयं को बचाने के उद्देश्य से मृतका के दाह संस्कार में भी शामिल हुआ । अभियुक्तो के पास से मृतका के गहने व मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है, साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों को विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायिक हिरासत में दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

नवविवाहिता को स्कार्पियों गाड़ी व लाखों की मांग पूरी न होने पर किया प्रताड़ित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में स्कार्पियों गाड़ी व लाखों की नकदी सहित उसके नाम भूमि की रजिस्ट्री कराने की मांग पूरी न करने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा ससुरालियों के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रामदासखेड़ा निवासी रोली यादव पुत्री अम्बर यादव के अनुसार उसका विवाह 6 मार्च 2024 को आशीष यादव पुत्र श्रीपाल यादव निवासी नारायनपुरी मानसनगर ट्राफिक पार्क के पास थाना कृष्णानगर जनपद लखनऊ से सम्पन्न हुआ था। उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था।आरोप है कि उसके विदाई के बाद से ही पति आशीष यादव सास जेठ अजय यादव, जिठानी प्रीती यादव पत्नी अजय यादव, ननद रेशमा यादव पत्नी रिंकू यादव, ननद बड़ी रेखा यादव ने मिलकर कम दहेज लाने का ताना मारने लगी व आये दिन परेशान करने लगी। आरोप है कि उसके ससुरालियों पति, सास जेठ, जिठानी व ननदों ने पीड़िता से स्कार्पियों गाड़ी व 10 लाख रुपये नकद पीड़िता के नाम से चकौली 3 बिस्वा प्लाट को अपने नाम करने के लिए दबाव मानसिक-शारीरिक प्रताड़ित करने के साथ खाने में, दूध में कोई पाउडर नशीला पदार्थ मिलाकर देने लगे और इंकार करने पर जबरन खिलाने लगे।शारिरीक आर्थिक रुप से परेशान करते रहते है। कई बार प्रार्थिनीको कई बार खाने में, दूध में कोई पाउडर सफेद नशीला पदार्थ मिलाकर उसकी सास, जिठानी, व पति के द्वारा दिया जाता था जब प्रार्थिनी इसको खाने व पीने से इंकार करती थी तब इसको मार पीटकर कर जबरदस्ती इसका मुह खिलवाकर खिलाया जाता था।वहीं पीड़िता का कहना था कि उसे शादी के बाद ही पता चला कि उसके पति आशीष का किसी अर्चना पटेल नामक महिला से लगभग 10 सालो से नाजायज सम्बन्ध है। जिसकी जानकारी होने व विरोध करने पर पति आशीष यादव, आशीष की मां, ननदो रेशमा यादव, रेखा यादव जिठानी प्रीती यादव व जेठ अजय यादव उसे जान से मारने की धमकी देने लगे और बीते 27 मई को पीड़िता का एक्सीडेन्ट करवाने का भी प्रयास किया था जिसमें पीड़िता के पेट, कान व सर पर भी चोटे आई । जिसके चलते उसने दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित अपने जान के खतरा की आशंका जता पति सहित ससुरालियों के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सुखलाल वर्मा की पुण्यतिथि पर सपा ने आयोजित किया सम्मान समारोह व भंडारा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में नगराम के सरोना गांव मजरा ममई मऊ में बुधवार को स्व0 सुखलाल वर्मा की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई और बुजुर्गो, महिलाओं और जरुरतमंदों को 1000 कम्बल बांटे गए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल उपस्थित रहे। इसके अलावा, मोहनलालगंज के सपा सांसद आर.के. चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, समेत कई अन्य सपा नेता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान, मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित बुजुर्गों और समाजसेवियों के अलावा सपा कार्यकताओं को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कार्यक्रम में संविधान बचाने के हित में दलितों, पिछड़ों, अल्प संख्यकों की बात की और कहा हमे मंदिर मस्जिद की बात नहीं करनी होगी हमें शिक्षा की और बेरोजगारी की बात करनी है हमें अपने बच्चों को पढ़ना होगा और जब हमारे PDA समाज के लोग पढ़ जाएंगे तो हमारी सरकार में हमारे नेता अखिलेश यादव जी उनको नौकरी देने का काम करेंगे और पूर्व में सपा द्वारा किए गए कार्यों का बखान किया।बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी सिर्फ 5 किलो राशन देकर जनता को भ्रमित कर रही है और शिक्षा के क्षेत्र में कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हालातों में बच्चों का अशिक्षित रह जाना और बेरोजगारी बढ़ना तय है सेक्टर प्रभारी मो . हनीफ ने भी सपा द्वारा पहले किए गए कार्यों का बखान किया और बीजेपी सरकार पर तंज कसा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को जिताने की अपील की समारोह के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर समेत सपा नेताओं और अतिथियों ने स्व. सुखलाल वर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन पर प्रकाश डाला इस मौके पर सपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल अति विशिष्ट अतिथि सांसद पूर्व मंत्री आरके चौधरी विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत शिव अटल सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव अमर पाल सिंह सपा नेता अरूणेश प्रताप सिंह उर्फ दल्लू सिंह सपा नेता सतीश गुप्ता विपिन यादव आदि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बेखौफ चोरों ने चलती लाइन से ट्रांसफार्मर से क्वायल किया चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने चलती विद्युत लाइन का विद्युत ट्रांसफार्मर नीचे गिरा कर उसके कीमती क्वायल चोरी कर लिए। जानकारी होने पर विद्युत अधिकारियों ने बिजनौर थाने में इसकी तहरीर दी है। बिजनौर उपखंड अधिकारी अजय यादव के मुताबिक जैती खेड़ा फीडर से जुड़ी विद्युत लाइन में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय के पास नए निमार्णाधीन बिजनौर पावर हाउस के सामने 250 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है। इससे यहां पर नव विकसित कॉलोनी में विद्युत सप्लाई होती है। लेकिन सोमवार रात चोरों ने विद्युत लाइन चालू होने के बाद भी उक्त ट्रांसफार्मर को खंभे से नीचे गिरा दिया और उसके अंदर के कीमती क्वायल चोरी कर लिए। मंगलवार देर हम जानकारी होने पर विद्युत अधिकारियों ने वहां पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसडीओ ने बताया कि इस मामले को लेकर संबंधित अवर अभियंता द्वारा बिजनौर थाने में तहरीर दे दी गई है। बिजनौर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा का कहना है कि उन्हें अभी इसकी कोई जानकारी नहीं है। लेकिन अगर तहरीर मिली तो रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नवीन पब्लिक स्कूल का 23वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कस्बे में स्थित नवीन पब्लिक स्कूल का 23वाँ स्थापना दिवस बुद्ववार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर चन्द्रशेखर मालवीय व संस्थापक उमेश मिश्रा की मौजूदगी में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल व पुष्प आर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।जिसके बाद गणेश वंदना व स्वागत गीत से छात्र-छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की धमाकेदार प्रस्तुति देकर सभी अतिथियों का मन मोह लिया ।छात्र-छात्राओ ने नशा मुक्ति व महिला सशक्तीकरण व बालश्रम समेत साइबर अपराधो से बचाव पर आधरित नाटको का मंचन कर लोगो

को जागरूक किया ।मुख्य अतिथि एसडीएम व एसीपी ने हाईस्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी रश्मि श्रीवास्तव, सौम्या पांडे, जीनत खान, आदित्य प्रताप सिंह, अनामिका निर्मल, अंकित यादव, मोनम यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।देर शाम स्थापना दिवस के समापन पर पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक तिवारी व संस्थापक उमेश मिश्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओ को पुरस्कृत किया ।मंच संचालन निधि कटियार व गौरंव पुंडरीक ने किया ।कार्यक्रम का आयोजन श्वेता सक्सेना, हुमा राईन, अमन सिंह यादव, काजल सिंह की देखरेख में हुआ ।इस मौके पर समाजसेवी राज कुमार सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनुपम मिश्रा, अधिवक्ता रिशी द्विवेदी, भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी, प्रधानाचार्य करूणेश चन्द्र मिश्रा, योगेश चन्द्र मिश्रा समेत अभिभावक व छात्र-छात्राये व सभी शिक्षक मौजूद रहे।

जीवन में लक्ष्य बनाकर करे मेहनत:एसीपी

एसीपी रजनीश वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि छात्र जीवन में लक्ष्य बनाकर की गई मेहनत से छात्र जीवन में बुलंदियों को प्राप्त करता है। समय बर्बाद करने से केवल नुकसान होता है। भविष्य की राह कठिन हो जाती है। उन्होंने छात्रों से किताबों का अध्ययन करने की अपील की। कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग एक हद तक ही करें ।उन्होने छात्रो से कहा सोशल मीडिया पर अपनी निजी तस्वीरे साझा करने से बचे।

चहल कदमी करते दिखा हिंसक जानवर, तेंदुआ होने का शक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हिंसक जानवर के पगचिह्न मिलने के बाद बुधवार सुबह वन विभाग की टीम टूटा पिंजरा लेकर रहमान खेड़ा के जंगलों में पहुंची। जहां दुबग्गा रेंजर की लापरवाही देख ग्रामीण भड़क गए ।बताया गया कि गाड़ी से पिंजरा उतारते समय टूट गया। पिंजरा मरम्मत के लिए भेज दिया गया। वहीं, देर रात कुकरैल रेंज से नया पिंजरा मंगवाकर केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के जंगल में रखवाया गया। डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि बुधवार तड़के सुबह काकोरी थाना क्षेत्र के करझन गांव में ग्रामीणों ने खेत में घूम रहे हिंसक जानवर का वीडियो बना लिया। वीडियो के आधार पर माना जा रहा है कि हिंसक जानवर तेंदुआ हो सकता है। संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होते हुए देखा गया है। जिसको देखकर लगता है कि हिंसक जानवर 10 किलोमीटर की दूरी में भ्रमण कर रहा है। इसलिए जंगल मे चिह्नित कर पिंजरे को रखवाया गया है।

जंगल मे पांच जगहों पर ट्रैप कैमरा लगाए गए

विगत तीन दिसंबर को रहमानखेड़ा के खेत में मिले हिंसक जानवर के पगचिह्न के बाद करझन गांव के खेतों में वन विभाग को तीन नए पगचिह्न मिले। इसके चलते बेहता नाला किनारे पांच जगह ट्रैप कैमरें लगाए गए हैं। वहीं, रात में ग्रामीण टोली बनाकर लाठियों को लेकर घरों के बाहर जरूरी काम होने पर ही निकलते की सलाह दी गई।

संक्षेप

भाजपा मण्डल अध्यक्ष पद के लिये पांच कार्यकर्ताओं ने कराया नामांकन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष पद के लिये असोहा ब्लॉक स्थित सभागार में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।मण्डल अध्यक्ष के पद के लिये रोहित शुक्ल , देशराज रावत , शुभेन्द्र सिंह ,मयंक मिश्र एवम अंकित सिंह पांच भाजपा के कार्यक्रताओं ने नामांकन करवाया ,वही जिला कार्यकरणी के लिये भी प्रदीप मिश्र , ज्ञानेंद्र सिंह , प्रियांशु श्रीवास्तव सहित पांच लोगों ने मण्डल चुनाव अधिकारी राजेन्द्र दुवेदी के समछ अपना पर्चा प्रस्तुत किया ।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख आनँदगुप्ता , डॉ रजनीश वर्मा , सोनू मिश्रा , साधु रावत , मुन्ना सिंह , प्रवीण शुक्ल , उमेश साहू , राकेश यादव , शारदा जायसवाल ,गुड्डू पाल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्तिथि रहे।

सभासदों ने निर्माण कार्य की एसडीएम से की शिकायत

बांगरमऊ, उन्नाव।गंजमुरादाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के विकास कार्य में प्रयोग की जा रही घटिया निर्माण सामग्री के बाबत पूछने पर अध्यक्ष और ठेकेदार ने सभासदों को जमकर डांट पिलाई। डांट से आहत तीन सभासदों ने शिकायती पत्र सौंपकर उपजिलाधिकारी से निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग उठाई है। नगर पंचायत के सभासद जब्बार बेग, मंतशा,मोनिस अंसारी द्वारा उपजिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि कस्बे के लहरापुर मार्ग पर करीब 35 लाख रुपए की लागत से एक वेस्टेज हाउस का निर्माण कराया जा रहा है।जिसके निर्माण में पुरानी ईंट, बालू व स्टोन पाउडर आदि घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।उन्होंने जब संबंधित ठेकेदार से घटिया निर्माण सामग्री के बाबत जानकारी चाही तो ठेकेदार ने कड़े लहजे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। जब तीनों सभासदों ने घटिया सामग्री को लेकर अध्यक्ष प्रतिनिधि से बात की तो वह भी डांटने के अंदाज में उल्टी-सीधी बातें करने लगे। सभासदों ने उपजिलाधिकारी से निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगाते हुए जांच कराकर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग हसनगंज कस्बे के पास बाइक सवार अंशू रावत अपने पिता रमेश रावत के साथ बाइक से मियागंज मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था तभी एक ढाबे के पास अचानक बंदर से टकरा जाने से सड़क पर गिरकर बेटा घायल हो गया, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि युवक घायल हुआ है, जिसका सीएचसी में इलाज चल रहा है।

एस पी ने थाना का निरीक्षण कर हरईपुर गाँव में जन सहयोग से बनी चौकी का किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जनपद के पुलिस अधीक्षक ने कल बेहटा मुजावर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी को माल मुकदमा के संबंध में शासन की गाइडलाइन के अनुसार विशेष दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम हरईपुर में जन सहयोग से निर्मित अस्थाई पुलिस चौकी का फीता काटकर अनावरण किया।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर कल मंगलवार को वार्षिक निरीक्षण हेतु थाना बेहटा मुजावर पहुंचे।जहां सर्वप्रथम पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। बाद में उन्होंने नवनिर्मित थाना भवन का निरीक्षण कर भवन की साफ सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क तथा आवासीय बैरक का विधिवत निरीक्षण किया। साथ ही शस्त्रों और थाने पर मौजूद अन्य लाजिस्टिक्स की सूची अनुसार जांच भी की । उन्होंने थाना प्रभारी फूल सिंह से माल मुकदमा जल्द निस्तारित करने और अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने नवनिर्मित थाना भवन के नक्शे की जमकर तारीफ की। अंत में एसपी श्री भूकर ने ग्राम चौकीदारों को सर्दी से राहत के लिए अंगवस्त्र और कंबल वितरित किए। करीब दो घंटे तक थाने की जांच करने के बाद पुलिस अधीक्षक ग्राम हरईपुर के लिए रवाना हो गए। जहां उन्होंने फीता काट कर जन सहयोग से निर्मित अस्थाई चौकी का उद्घाटन किया। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि अस्थाई पुलिस चौकी बन जाने से अब पीड़ितों को जल्द राहत मिल सकेगी और पड़ोसी गांवों के ग्रामीणों को तत्काल सुरक्षा मुहैया होगी।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ग्राम हरई पुर की अस्थाई पुलिस चौकी का उद्घाटन कर वापस लौट रहे थे। तभी बांगरमऊ नगर के बाईपास मार्ग पर स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर के निकट एक दुर्घटनाग्रस्त बाइक सवार को घायलावस्था में पड़ा देखा। उन्होंने पीड़ितों के प्रति सहानुभूति की मिसाल कायम करते हुए गाड़ियां रुकवाई और हमराह सिपाहियों से सरकारी एंबुलेंस के जरिए घायल को तुरंत बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल भेजा।

डीएम ने की कर करेतर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कलेक्टेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी।बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, नगर विकास, वन, खनन एवं सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों की कर वसूली से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गयी। इस अवसर पर समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप ससमय कर वसूली कराना सुनिश्चित करें। राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराना सुनिश्चित कराया जाए।05 वर्ष से अधिक समय से लम्बित राजस्व वादों में रिपोर्ट प्राप्त करते हुए निस्तारित करें। उन्होने कहा कि समस्त अधिकारी गण अपने-अपने कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराते हुए दिए गए दायित्वों को ससमय सम्पादित कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अपने-अपने कार्यालयों से संबंधित आम लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनें तथा गुणवत्तापूर्ण व समयवद्ध निस्तारण करें। धारा-24, धारा-116, धारा-80, अविवादित वरासत, खसरा पड़ताल व दाखिल-खारिज आदि के वाद/शिकायतों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करें। ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे/अतिक्रमण से सम्बन्धित शिकायतों पर कार्यवाही हेतु जनपद व तहसील स्तर पर गठित एंटी भू-माफिया टॉस्क फोर्स के जरिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को बिना किसी विलम्ब के निर्धारित सहायता/धनराशि उपलब्ध करायी जाए। धारा-34, भूमि-विवाद व पैमाइश के वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित कराया जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम यादव, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव सहित समस्त उप जिलाधिकारी गण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त प्रशासनिक अधिकारी व अन्य पटल सहायक आदि मौजूद रहे।

दो आवारा सांडो की भिंड़त से मची अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। फोरलेन स्थित सब्जी मंडी में मंगलवार रात दो आवारा सांडों की भिड़ंत ने भारी अफरा-तफरी मचा दी। इस घटना में राहगीरों और सब्जी खरीदने आए लोगों समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, सांडों की लड़ाई इतनी जोरदार थी कि पास खड़े वाहन, स्कूटी सवार युवतियां और सब्जी विक्रेता इसकी चपेट में आ गए। स्कूटी सवार दो युवतियां और बाइक सवार दो युवक मामूली रूप से घायल हो गए। इसके अलावा कई सब्जी विक्रेताओं को भी चोटें आई।स्थानीय लोगों ने सांडों को अलग करने के लिए पानी और लाठी-डंडों का सहारा लिया, लेकिन तब तक मंडी में हड़कंप मच चुका था। घायलों को मौके पर मौजूद लोगों ने प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाया।इस घटना ने नगर पालिका प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही को उजागर कर दिया है।फोरलेन जैसे व्यस्त मार्ग पर आवारा सांडों का घूमना आम बात हो गई है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं को पकड़ने और समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।निवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस तरह की घटनाएं शहर के यातायात और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं।

राज्यपाल संबोधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सपा विधानसभा क्षेत्र के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन आज उपजिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन में न्यायिक आयोग गठित कर संभल के दंगे की जांच कराने और निर्दोष पार्टी नेताओं व कार्यकताओं तथा आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव गुलिस्तान खान और वरिष्ठ नेता शशांक शेखर शुक्ला तथा पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज बुधवार को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन स्थानीय तहसील पहुंचकर एसडीएम नम्रता सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि संभल में दंगे में आम नागरिकों के साथ ही सपा के सक्रिय कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ फर्जी तरीके से रिपोर्ट दर्ज कर उनका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। साथ ही कार्यकताओं के घरों पर बुल्डोजर कार्यवाही की जा रही है। जबकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बुल्डोजर कार्यवाही पर रोक लगाई जा चुकी है। प्रशासन और पुलिस द्वारा जिला संभल में दंगे के नाम पर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। मानवाधिकार और मूल अधिकार का हनन कर निर्दोष नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से न्यायिक आयोग की जांच कराकर संभल के जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है।

कानपुर सेंट्रल से बालामऊ तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को 19 फरवरी तक किया बंद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बालामऊ से कानपुर सेंट्रल तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेनें 19 फरवरी तक बंद कर दी गई हैं। यह फैसला रेल प्रशासन ने लिया है, जिससे इस रूट के यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।इन ट्रेनों के रद्द होने से गंगाघाट, उन्नाव, माखी, सफीपुर, ऊगू, फतेहपुर चौरासी, बांगरमऊ और गंज मुरादाबाद जैसे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं पर असर पड़ा है।

04341 बालामऊ पैसेंजर (बालामऊ से कानपुर)

04342 बालामऊ पैसेंजर (कानपुर से बालामऊ)

04327 और 04328 ट्रेनें (शाम को बालामऊ से कानपुर और वापसी)

यह ट्रेनें रोजाना हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण थीं, खासकर उन लोगों के लिए जो गंगाघाट और उन्नाव जैसे छोटे स्टेशनों से यात्रा करते हैं।रेल प्रशासन ने इसे ₹तकनीकी कारणों₹ के चलते अस्थायी कदम बताया है। हालांकि, वैकल्पिक व्यवस्था न होने से यात्रियों को निजी वाहनों और अन्य महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। यात्री इस फैसले से नाराज हैं। उनका कहना है कि इन ट्रेनों के रद्द होने से न केवल उनकी यात्रा मुश्किल हो गई है, बल्कि रोजमर्रा के कामों और आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से धैर्य बनाए रखने और सहयोग की अपील की है। जल्द ही इस समस्या के समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

पीआरडी ने मनाया 76वां स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।प्रदेश सुरक्षा दल (PRD) ने अपने 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया।यह कार्यक्रम शुक्लागंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्राउंड में हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न तहसीलों से PRD जवानों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सुरक्षा दल की उपलब्धियों को मान्यता देना और उनके कार्यों को सराहना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह ने की। इस अवसर पर PRD कर्मियों द्वारा ग्राउंड में शानदार परेड प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर उपस्थित सभी लोग प्रभावित हुए।परेड में PRD के जवानों ने अपनी अनुशासन और एकता का शानदार प्रदर्शन किया। जवानों ने एकजुट होकर उच्च स्तर की तैयारियों और कुशलता का प्रदर्शन किया, जिससे कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने उनकी सराहना की।इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न तहसीलों से PRDकर्मी भाग लेने के लिए पहुंचे। हर एक जवान ने इस अवसर पर अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया।परेड के दौरान सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा के गाने के साथ जवानों ने मार्च किया, जिससे वहां उपस्थित सभी दर्शकों में देशभक्ति की भावना का संचार हुआ।PRDके जवानों का यह आयोजन इस बात का प्रतीक था कि वे हमेशा राज्य और देश की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह ने इस अवसर पर PRD के जवानों की मेहनत और समर्पण को सराहा। उन्होंने कहा कि PRD का हर जवान अपनी जान की परवाह किए बिना समाज की सुरक्षा में जुटा रहता है और यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।कार्यक्रम के दौरान PRD के कर्मियों ने अपनी अद्वितीय परेड और प्रदर्शन से यह संदेश दिया कि वे राज्य की सुरक्षा में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह स्थापना दिवस समारोह PRD के कर्मियों के अद्वितीय साहस और समर्पण को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। समारोह में जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

अवैध कब्जे के निर्माण पर चलाया गया बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।नवाबगंज क्षेत्र में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए निर्माण को हटा दिया।यह कार्रवाई जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद की अगुवाई में की गई। इसमें नगर पंचायत नवाबगंज के ईओ अनिल सिंह, राजस्व विभाग, और अजगैन पुलिस की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया।अवैध निर्माण प्रतिभा जाग्रति स्कूल के पास सरकारी भूमि (गाटा संख्या 787 ड और सोनी के रकबे) पर किया गया था। इसकी बाजार कीमत लगभग 24 लाख रुपये बताई जा रही है।लंबे समय से इस कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की।एसडीएम रामदेव निषाद ने बताया कि अवैध कब्जा हटाकर भूमि को नगर पंचायत नवाबगंज के ईओ अनिल सिंह की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा, प्रशासन अवैध कब्जों को खत्म करने और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।₹नगर पंचायत ईओ अनिल सिंह ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ₹शहर में अवैध कब्जों पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी, ताकि सरकारी संपत्ति का सही उपयोग हो सके। पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान पूरी सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए खास प्रबंध किए गए।

चोरी हुई भैंस का पता बताने वाले को किसान देगा 40 हजार का इनाम

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहिनी खेड़ा मजरा अकबरपुर थाना हसनगंज तहसील हसनगंज जनपद उन्नाव में बीती दिनांक 4. 12.2024 को चोर दो भैंस को चुरा ले गए मोहनी खेड़ा मजरा अकबरपुर निवासी राजेंद्र पाल पुत्र पगलू ने हसनगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि मेरा मकान लखनऊ बांगरमऊ रोड पर स्थित है

वही मैं अपने परिवार के साथ रहता हूं मेरी वहीं पर दो भैंस बंधी रहती थी मेरी दो भैंस दिनांक 4.12.2024 को इसी बरामदे में बंधी थी और मैं अपने परिवार के साथ अपने मकान में सो रहा था रात्रि लगभग 2:00 बजे के आसपास ही दोनों भैंस चोरी हो गई मेरी दो भैंस की कीमत लगभग 190000 रुपयों की है मेरी एक भैंस दूध दे रही थी तथा एक भैंस लगभग चार माह की गर्भवती थी तथा जो भैंस दूध दे रही थी उसका बच्चा घर पर ही मौजूद है

राजेंद्र पाल ने (40000) चालीस हजार रुपए इनाम की घोषणा करते हुए बताया कि जो भी व्यक्ति इस फोन नंबर पर 639314 25 19 ,9794 6040 24 ,8953099043 जानकारी देगा उसका नाम पता गुप्त रखा जाएगा चाहे एक भैंस मिले या दोनों पर इनाम राशि पूरे चालीस हजार रुपए दिए जाएंगे भैंस का रंग काला एक भैंस की पहचान भैंस की थन के पास सफेद दाग है भैंस की पूंछ कटी हुई है भैंस के पुठो पर बाल है और चार चार अंगुल के दोनों सींग है और दूसरी भैंस की पहचान यह है कि भैंस चार माह की गर्भवती है और मुर्रा वॉशर भैंस है सिर पर मुड़ी हुई सींगें है।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शाहजहांपुर पहुंचे

जुल्म कुछ समय के लिए सफल होते हैं, बाद में भुगतना पड़ता है

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, विनोबा सेवा आश्रम में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पहुंचे। आश्रम के आयोजकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने गीता के 18 अध्यायों के प्रतीक स्वरूप 18 व्यक्तियों को विनोबा सेवाश्री सम्मान से सम्मानित किया। यह आश्रम, जो वृद्ध और बेसहारा लोगों की सेवा के लिए समर्पित है, अपनी स्थापना के 44 साल पूरे कर चुका है। राज्यपाल ने आश्रम में चल रहे सेवा कार्यों का निरीक्षण किया और आयोजकों की प्रशंसा की। उन्होंने वृद्धजनों की देखभाल और समाजसेवा के प्रयासों को सराहा। राज्यपाल की सुरक्षा के लिए आश्रम के अंदर और बाहर पुलिस बल तैनात था। कार्यक्रम स्थल और रूट पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। आयोजकों ने बताया कि इससे पहले भी आश्रम में कई वीआईपी और गणमान्य लोग कार्यक्रमों में शामिल हो चुके हैं। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अगर आप 1971 को याद कर रहे हैं, तो बंटवारे की शुरूआत में ही नफरत और हिंसा थी, जो 1947 में शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा कि 1971 में भारत ने सही समय पर मदद की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत में बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक शब्द ठीक नहीं हैं, क्योंकि यहां सभी को समान अधिकार मिलते हैं।

लेकिन जिन देशों में किसी धर्म को राज्य धर्म बना दिया जाता है, वहां सच में अल्पसंख्यक होते हैं और उनके साथ हमेशा जुल्म होता है। राज्यपाल ने कहा कि 1947-48 में जो कुछ हुआ, उसकी स्थिति को देखकर साफ पता चलता है कि वहां के लोग या तो अपने देश से भागे या फिर अपना नाम बदल लिया। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी इंसान हैं। अगर हम खुदा बनने की कोशिश करते हैं, तो वही जुल्म करते हैं। जुल्म कुछ समय के लिए सफल हो सकते हैं, लेकिन अंत में इसके परिणाम भुगतने ही पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से क्या कदम उठाए जाएंगे, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन जुल्म हमेशा अस्थायी होता है और ज्यादा देर तक नहीं चलता।

अज्ञात डंफर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर लखनऊ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात डंफर ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

लखनऊ जिले के गंगा बिहार कालोनी चिनहट थाना निवासी मोहम्मद फैसल पत्नी कमरूनिशा 32 वर्ष , बेटा चांद बाबू 14 वर्ष व बेटी अरमाना 12 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बा मोहान से लखनऊ जा रहे थे ,तभी खपुरा मुस्लिम गांव के सामने लखनऊ की तरफ से आ रहे खाली अज्ञात डंफर टक्कर मारकर भाग निकला।जिसमें पत्नी कमरुनिशा गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी ले गई जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना से परिजन बेहाल हो गए, मृतका अपने पति व बच्चों के साथ मंगलवार को कस्बा मोहान निवासी जलील की बेटी जूली की गोद भराई रस्म में शामिल होने के लिए आया था कार्यक्रम के बाद बुधवार दोपहर घर वापस जा रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।परिजन की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

आग से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण मॉकड्रिल का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।रेलवे स्टेशन पर आग जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मंगलवार को एक महत्वपूर्ण मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में स्थानीय प्रशासन, दमकल विभाग और अन्य सुरक्षा बलों ने मिलकर भाग लिया।मॉकड्रिल का मकसद आग लगने की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना था।मॉकड्रिल की शुरूआत वाहन स्टैंड के पास आग लगने की सूचना से हुई।खबर मिलते ही जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य दमकल अधिकारी (उऋड) अनूप सिंह और दमकल सेवा अधिकारी (ऋड) शिवराम यादव, भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर सक्रिय हुए।दमकल कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। उनके प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन इस दौरान दो दमकल कर्मी झुलस गए। झुलसे कर्मियों को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी हैएफएसओ शिवराम यादव ने मौके पर कर्मचारियों को आग बुझाने के सही तरीके और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने आग लगने की स्थिति में तत्काल कदम उठाने और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही कुंभ मेला ड्यूटी में लगे कर्मियों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया।मॉकड्रिल में होमगार्ड कमांडेंट मनोज कुमार और रेलवे सुरक्षा बल (फ्ढऋ) के इंस्पेक्टर हरीश कुमार भी शामिल रहे। इन सभी अधिकारियों ने मिलकर मॉकड्रिल को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अभ्यास ने यह साबित किया कि आपातकालीन स्थिति में टीमवर्क और त्वरित प्रतिक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है।भीड़ ?भाड़ वाले रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर आग की स्थिति से निपटने के लिए इस तरह की मॉकड्रिल को एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा, ऐसे अभ्यास न केवल सुरक्षा कर्मियों की तत्परता बढ़ाते हैं, बल्कि आम जनता को भी आपातकालीन स्थितियों में सही दिशा-निर्देश देते हैं।

सम्पादकीय

सीरिया में तख्तापलट से भंवर में देश का भविष्य

अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश के बाद अब सीरिया में तख्तापलट हुई है। इनमें से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और सीरिया में सुन्नी विद्रोहियों ने सत्ता पर कब्जा किया है। सीरिया में राष्ट्रपति बशर-अल असद की सरकार गिर गई है, इसी के साथ असद परिवार के 50 वर्ष के शासन का अंत हो गया है, बसर के देश छोड़कर भागने का दावा किया जा रहा है। सुन्नी विद्रोहियों ने शिया असद के शासन को उखाड़ फेंका है। सत्ता पर इस तरह कब्जे का ट्रेंड खतरनाक है। लगता है संयुक्त राष्ट्र एकदम निष्प्रभावी है, वैश्विक व्यवस्था व कानून का कोई मतलब नहीं रह गया है। अरब स्प्रिंग के दौरान कई राजशाही व सैन्यशासकों के अंत के बाद पश्चिम एशिया में लगा था कि लोकतंत्र का उदय हो रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ, कमजोर सरकार के दौर में इस क्षेत्र में इस्लामिक चरमपंथी गुट मजबूत होते गए। इस्लामिक स्टेट की वजह से सीरिया पहले से ही काफी खराब स्थिति में है। अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। पलायन तेज है, लोग यूरोप में पनाल लेने लगे हैं। राष्ट्रपति अल असद रूस के सहयोग से जैसे तैसे सरकार चला रहे थे। कच्च तेल समेत प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के पश्चिमी खेल में खाड़ी व पश्चिम एशिया के देशों की हालत पतली होती गई और चरमपंथ मजबूत होता गया है। अफगानिस्तान, बांग्लादेश और सीरिया को देखें तो तीनों मुस्लिम बहुत देश हैं और तीनों ही जगह सत्ता परिवर्तन हिंसा के साथ हुआ, एक स्थापित सरकार को सत्ता से हटाया गया। इस क्षेत्र में एक परिवार के दशकों तक सत्ता में रहने के चलते भी विद्रोह की जमीन तैयार हुई प्रतीत होती है। लेकिन इसका तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। सिस्टम में बदलाव सिस्टम से ही होना चाहिए। इस तरह के सत्ता परिवर्तन में वैश्विक संसथाओं, महाशक्तियों और विश्व बिरादरी की चुप्पी वैश्विक शांति की बात करने वालों पर सवाल खड़ा करती है। चीन अपनी सामरिक ताकतों का प्रदर्शन कर लगातार ताइवान को डराने का प्रयास कर रहा है। यूक्रेन के साथ रूस की जंग तीन साल से चल रही है, इजराइल आतंकी गुटों- हमास, हिज्बुल्ला, हूती के साथ ईरान के अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में सवाल है क्या विश्व अराजकता की ओर बढ़ रहा है या मध्ययुगीन दौर की ओर लौट रहा है? संकेत अच्छा नहीं है। वैश्विक शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र और महाशक्तियों की होनी चाहिए। इसे किसी देश का घरेलू संकट मानकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। विश्व में अगर इस तरह से सत्ता परिवर्तन होगा तो कायदे कानून का क्या महत्व रह जाएगा? 'ऑपरेशंस रूम टू कॉन्कर दमिश्क' ने सभी विपक्षी लड़ाकों और नागरिकों से 'स्वतंत्र सीरियाई देश' की सरकारी संस्थाओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया है। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली ने एक वीडियो बयान जारी करके कहा कि वह शासन की बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैं। संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ राजनयिक ने भी बहरीन में एक सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर असद के ठिकाने के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। 2018 के बाद पहली बार है जब विद्रोही दमिश्क के भीतर पहुंच गए। असद 2000 में किस्मत के फेर से सत्ता में आए थे। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने सीरिया में 'व्यवस्थित ढंग से राजनीतिक बदलाव' सुनिश्चित करने के लिए जिनेवा में तत्काल वार्ता का आह्वान किया है। अमेरिका सीरियाई गृहयुद्ध के बीच सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। आज सीरिया का भविष्य भंवर में आ गया है।

विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

आयात शुल्क पर न हो अधीर प्रतिक्रिया

> संभावित ट्रंप प्रशासन ने व्यापार घाटा कम करने तथा डॉलर का मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सहित अन्य प्रमुख देशों के उत्पादों के आयात पर सौ प्रतिशत शुल्क लगाने की अनंतिम नीति बनायी है, जिसका उल्लेख करते हुये ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के विरुद्ध शुल्क वृद्धि की चेतावनी दे डाली। यदि भारत की दृष्टि से ट्रंप की चेतावनी का तटस्थ विश्लेषण किया जाय तो चेतावनी की पृष्ठभूमि वाला विषय ट्रंप-मोदी के मैत्री संबंधों के आधार पर भारत हितैषी नहीं हो सकता है। अमेरिका के साथ भारत का संवाद सर्वथा नवीनता तथा पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। भारत को भी अपने हित को देखते हुए ही अमेरिकी नीति का तटस्थ होकर आंकलन करना चाहिए।

अमेरिका में अभी रिपब्लिकन दल के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यभार नहीं संभाला है। अभी वे अपने अधीन कार्य करने के लिये नियत विभिन्न विभागों हेतु प्रमुख योग्य व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें नियुक्त करने की प्रक्रिया में हैं। इसी क्रम में देशी-विदेशी व्यापार व वाणिज्य विभाग के प्रमुख की नियुक्ति की समयावधि में उनके सम्मुख ये विचारबिंदु उभरे कि क्या उन्हें अमेरिका को विशाल मात्रा में विभिन्न उत्पादों का निर्यात करनेवाले देशों पर आयात शुल्क में सौ प्रतिशत तक की वृद्धि करनी चाहिए अथवा नहीं। इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत उनके सम्मुख यह अंतिम निष्कर्ष था कि डेमोक्रेट्स की व्यापार नीतियों की विफलता के कारण तथा विशेषकर यूक्रेन के साथ रूस का युद्ध प्रारंभ होने के बाद तत्कालीन अमेरिकी शासन द्वारा रूस से कच्चे तेल के क्रय पर प्रतिबंध लगाने के कारण अमेरिकी डॉलर का अप्रत्याशित अवमूल्यन हुआ है। निष्कर्षीय प्रस्ताव के अनुसार इस प्रकरण में अमेरिका को बड़ा व्यापार घाटा हुआ है। किंतु ऐसा विचार और परिणामी निष्कर्ष अधीरता का द्योतक है। अंतराल में जब ट्रंप पुनः कार्यव्यवहार संभालेंगे तो अमेरिकी व्यापार घाटे तथा मुद्रा अवमूल्यन के कारणों की वस्तुस्थिति निश्चित रूप में उन कारणों से पृथक ही होगी, जो शासकीय-प्रशासकीय अनाभ्यासिक वातावरण के कारण ट्रंप और उनके नवनियुक्त विभागीय प्रमुखों को अनुभव हो रही है।

वस्तुतः ढाई वर्ष पूर्व रूस से तेल के आयात पर प्रतिबंध के अमेरिकी निर्णय ने इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, इत्यादि अधिसंख्य यूरोपीय देशों को भी इस संदर्भ में अमेरिका का अनुसरण करने के लिये विवश किया था और फलतः इन समस्त देशों को कच्चे तेल का निर्यात करके होनेवाली रूस की राष्ट्रीय आय अधिमात्रा में रुक गयी। इस संकट से मुक्ति हेतु रूस ने ब्रिक्स समूह के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया। संकट उत्पन्न होने से लेकर गत 24 अक्टूबर तक जितने भी ब्रिक्स सम्मेलन संपन्न हुये हैं, उनमें रूस, चीन, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ब्रिक्स के समस्त नौ देशों ने अमेरिकी डॉलर में व्यापार करने के व्यापारिक अभ्यास रोकने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया है। ब्रिक्स ने संकल्प किया है कि पारस्परिक व्यापार की आधार-मुद्रा या तो सदस्य देशों की अपनी-अपनी मुद्रायें होंगी अथवा संभावित एकीकृत ब्रिक्स मुद्रा के माध्यम से व्यापार किया जायेगा। चूंकि सऊदी अरब जैसा धन-संपन्न देश भी एक जनवरी 2024 से ब्रिक्स समूह का सदस्य बन चुका है, इसलिये भी अमेरिकी मुद्रा का मूल्य वैश्विक आर्थिक दृष्टि से कम होने की आशंकाएं उभर चुकी हैं। इन्हीं आशंकाओं से चिंतित संभावित ट्रंप प्रशासन ने व्यापार घाटा कम करने तथा डॉलर का मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सहित अन्य प्रमुख देशों के उत्पादों के आयात पर सौ प्रतिशत शुल्क लगाने की अनंतिम नीति बनायी है, जिसका उल्लेख करते हुये ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के विरुद्ध शुल्क वृद्धि की चेतावनी दे डाली।

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में विजय ही इस सार्वजनिक संकल्प के आधार पर प्राप्त की है कि वे अमेरिका तथा अमेरिकियों के हितों की प्राथमिकता के आधार पर रक्षा करेंगे, अतः स्वाभाविक है कि वे अपने पूर्ववर्त्तियों की तुलना में अधिक सत्यनिष्ठा के साथ उक्त

संकल्प का कार्यगत निरूपण करेंगे, और इस हेतु यह भी निश्चित ही है कि उन्हें भारत, चीन, रूस, सऊदी अरब, इत्यादि सहित विश्व के अधिसंख्य देशों के विरुद्ध कुछ न कुछ ऐसे कठोर व्यापारिक-व्यावसायिक निर्णय लेने होंगे जो प्रत्यक्ष रूप में इन देशों में सार्वजनिक स्तर पर अस्वीकार्य एवं अनुचित माने जायेंगे। अमेरिकी मुद्रा में व्यापार न करने हेतु देशों के उत्पादों पर सौ प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने की ट्रंप की चेतावनी के बाद भारत में सार्वजनिक तथा जनसंचारिका (मीडिया) के स्तर इसे ट्रंप का अनुचित निर्णय सिद्ध किया जा रहा है। दूसरी ओर इस विषय पर भारतीय शासन, विदेश मंत्रालय के पदाधिकारियों तथा संबंधित विशेषज्ञों का मत अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं है। उनकी राय में ट्रंप प्रशासन के लिये व्यावहारिक रूप में ऐसा कर पाना संभव नहीं है।

यदि भारत की दृष्टि से ट्रंप की चेतावनी का तटस्थ विश्लेषण किया जाय तो चेतावनी की पृष्ठभूमि वाला विषय ट्रंप-मोदी के मैत्री संबंधों के आधार पर भारत हितैषी नहीं हो सकता है। ऐसा इसलिये नहीं हो सकता है क्योंकि अमेरिका हो चाहे भारत या फिर कोई भी अन्य देश उसे अपनी व अपने मूल नागरिकों की स्वायत्तता के अनुरूप विभिन्न विषयों से संबंधित निर्णय लेने ही होते हैं। राजनीतिक सत्यनिष्ठा के आधार पर आकलन करने पर ट्रंप की चेतावनी अनुचित प्रतीत नहीं होगी। भारत भी गत दस वर्षों से पीएम मोदी के नेतृत्व में न्यूनाधिक मात्रा में ट्रंप वाली भूमिका में ही है। भारतवासियों के लिये यह गौरव व गरिमा तथा राष्ट्रभक्ति का विषय है। किंतु दुर्भाग्यवश ऐसी भूमिका का धरातल पर अधिक क्रियान्वयन नहीं है। भारत की ऐसी भूमिका सैद्धांतिक तथा सांकल्पिक स्वरूप में ही है। इसीलिए यहां भी अमेरिका से कई गुणा अधिक अवैध प्रवासन, लोकतंत्र के विरोधाभासों का सार्वजनिक प्रदर्शन तथा परिणाम में मूल भारतीयों के हितों का अनेक स्तर पर हनन हो रहा है।

ट्रंप को द्वितीय अवधि के लिए सत्तारूढ़ करने वाले अमेरिकी नागरिकों की इच्छा है कि उनका राष्ट्रपति डेमोक्रेट्स की अमेरिकाघाती राजनीतियों का अतिक्रमण करके स्वायत्तता का वातावरण निर्मित करे, अमेरिकियों के नागरिक हितों का संरक्षण करे तथा इसके लिये अन्य देशों को अप्रिय लगनेवाले निर्णय ही क्यों न लेने पड़े, तो ले। वास्तव में, आयात-शुल्क वृद्धि के संबंध में स्वयं ट्रंप, ट्रंप प्रशासन तथा ट्रंप की चेवावनी की परिधि में आये भारत सहित समस्त देशों को इस तथ्य पर अवश्य ध्यान देना चाहिये कि आर्थिक-व्यापारिक मतभेद की यह स्थिति राष्ट्र के रूप में अमेरिका ने नहीं, अपितु अमेरिकी जो. बाइडेन शासन की अदूरदर्शी नीतियों के कारण ही उत्पन्न हुयी है। कार्यभार संभालने के उपरांत जैसे-जैसे समय व्यतीत होगा ट्रंप प्रशासन तथा शेष विश्व को अभी ऐसे अनेक मतभेदों का सामना करना होगा, जिनका बीजारोपण डेमोक्रेट्स की मानवविरोधी नीतियों के कारण ही हुआ है। आयात-शुल्क सहित अन्य विषयों पर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति की वास्तविक नीतियों का कार्यप्रदर्शन तो आधिकारिक रूप में उनके सत्तारूढ़ होने के पश्चात ही निर्धारित हो सकेगा। अतः भारत तथा विश्व के प्रमुख देशों को धैर्य रखने की आवश्यकता है।

ऐसे वातावरण में अमेरिका के साथ भारत का संवाद सर्वथा नवीनता तथा पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। इस प्रक्रिया में भारत को यह भी अवश्य ही ध्यान में रखना चाहिये कि अमेरिका की प्रत्येक नीति उसकी शर्तों पर नहीं हो सकती। अमेरिका के नये शासन को भी वैश्विक व्यापारिक नीतियों के संदर्भ में धीरतापूर्वक मंथन करना चाहिये तथा उन्हें उदारतापूर्वक स्वीकार करना होगा कि वर्तमान अमेरिकी चुनौतियों व समस्याओं के लिये अन्य देशों की गुट सापेक्षता (ब्रिक्स) की तुलना में डेमोक्रेट्स शासन की अव्यावहारिक व व्यक्तिगत स्वार्थपरता की नीतियां सर्वाधिक दोषी हैं।

मुद्दा

डॉ. चन्द्र त्रिखा

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के बहाने इकबाल व रामतीर्थ

बेहतर होता यदि भारत के मुस्लिम-नेताओं ने बंगलादेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई होती। सौहार्द की बहाली का यह अवसर हो सकता था, मगर ओवैसी साहब या उनके सहयोगियों की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। वैसे अतीत के कुछ किस्से ऐसी किसी पहलकदमी का आधार बन सकते थे। थोड़ा पीछे लौटें तो उर्दू के प्रख्यात शायर एवं मुस्लिम विद्वान डॉ. इकबाल और स्वामी रामतीर्थ की दोस्ती के संदर्भ याद कर लेने चाहिए। अजब संयोग था कि दोनों की जन्मतिथि व वर्ष एक ही था, सिर्फ 8 माह का अंतर था। इकबाल का जन्म 22 फरवरी, 1873 था, जबकि स्वामी रामतीर्थ 22 अक्तूबर, 1873 को जन्मे। दोनों का जन्म स्थान दोआबा का क्षेत्र था। इक़बाल सियाल कोट में जन्मे थे, जबकि रामतीर्थ का गांव गुजरावालां के समीप मुरलीवाला नाम से था। दोनों पंजाबी तो थे ही, दोनों का मूल ब्राह्मण वंश था। इक़बाल के पूर्वज सप्रू ब्रह्मण थे, जबकि स्वामी रामतीर्थ तो थे ही गोस्वामी ब्राह्मण। दोनों की पारिवारिक पृष्ठभूमि, धार्मिक थी।

इक़बाल के पिता शेख नूर मुहम्मद एक प्रतिष्ठित मुस्लिम दर्जी थे और इस्लाम में गहरी आस्था रखते थे, जबकि स्वामी रामतीर्थ के पिता गोस्वामी हीरानंद, एक पुजारी थे और हिन्दुओं में प्रतिष्ठित धर्म-प्रचारक माने जाते थे। स्वामी रामतीर्थ और इक़बाल दोनों की प्राथमिक शिक्षा मुस्लिम-शिक्षकों की देख रेख में हुई थीं। इक़बाल के शिक्षक थे मौलवी मीर हसन सियालकोटी, जबकि स्वामी रामतीर्थ को भी गांव के मौलवी मुहम्मद अली ने आरंभिक शिक्षा दी थी। रामतीर्थ ने प्राइमरी शिक्षा के बाद अपने पिता को विवश कर दिया था कि सम्मान के रूप घर में से एक भैंस या गाय मौलवी मुहम्मद अली को दान की जाए। बाद में कालेज-शिक्षा के दिनों भी दोनों की दोस्ती चर्चा का विषय बनी रही थी। दोनों को रावी नदी से बेहद लगाव था और दोनों ने ही रावी नदी पर नज़्में लिखीं थी। हालांकि इक़बाल सलवार कमीज़ पहनते थे और स्वामी रामतीर्थ, एक संत की तरह शॉल और धोती। मगर दोनों ने मूछें रखने का फैसला एक साथ लिया था। दोनों ही पंजाबी पगड़ी भी अक्सर पहन लेते थे लेकिन स्वामी रामतीर्थ ने जनवरी 1903 में संन्यास के लिए पूरे बाल ही मुड़वा लिए थे। कुछ शोधार्थियों का मत है कि ढेरों समानताओं के बावजूद, दोनों एक दूसरे के नज़दीकी सम्पर्क में 1895 में ही आए थे, लेकिन दोनों ने लाहौर में उच्चशिक्षा भी प्राप्त की और पढ़ाते भी रहे। स्वामी रामतीर्थ, गणित पढ़ाते थे, जबकि इकबाल फिलासफी पढ़ाते थे। दोनों का अक्सर एक-दूसरे के घर आना जाना भी शुरू हो चुका था। स्वामी रामतीर्थ के एक जीवनी-लेखक थे सरदार पूर्ण सिंह। उन्होंने 'दी मौंक पोएट ऑफ पंजाब' और 'स्टोरी आफ रामा' के नाम से जीवनी लिखीं थी। उन्होंने एक सभा में डॉ. इकबाल और स्वामी रामतीर्थ के पारस्परिक संबंधों के बारे में इकबाल का ही एक कथन सुनाया। इकबाल के शब्दों में 'एक बार मैं स्वामी रामतीर्थ से मिलने उनके घर गया। उस समय उनके पेट में तीव्र दर्द हो रहा था। लगता था, वह दर्द असह्य था और बार-बार वह दर्द के मारे इधर-उधर करवटें बदल रहे थे। लेकिन उस असह्य दर्द में भी वह हंस रहे थे। कह रहे थे, 'अरे इकबाल! देखो दर्द जिस्म के एक हिस्से को लपेट रहा है, मगर आत्मा तेरी आमद के बाद बेहद प्रसन्न है। जिस्म अपनी लड़ाई लड़ेगा, आत्मा अपना आनंद ले रही है। मैं हैरान था कि यह शख्स वेदांत के मर्म को कितनी सुगमता से आत्मसात कर पा रहा है। जिस्म और आत्मा के अंतर को यह शख्स न केवल जानता है बल्कि जीता भी है।' डॉ. इकबाल के एक शिष्य डॉ. हीरा लाल चोपड़ा डी-लिट् के अनुसार इकबाल और रामतीर्थ दोनों लाहौर में एक-दूसरे के पूरक बन गए थे। डॉ. चोपड़ा के अनुसार दोनों ने मसनवी-मौलाना रूमी को मिलकर पढ़ा था। दोनों ने उस पुस्तक के मुख पृष्ठ पर साथ-साथ अपना-अपना नाम लिखा था।

रिलेशनशिप में इन बातों की बांधें गांठ

संकलित

दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

मृत्यु टाले नहीं टलती

संकलित

प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़ियां पर पड़ी। चिड़ियां कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़ियां का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़ियां को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़ियां को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़ियां को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़ियां कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

अंतर्मन

आज की पाती

बांग्लादेश ने भी अपनाया नापाक पाकिस्तान का साथ

बांग्लादेश इतिहास भूल चुका है। भारतीय सरकार, जनता और सशस्त्र सेनाओं ने कभी उनके देश के सताए हुए मजबूर देशवासियों (शरणार्थियों) को शरण एवं सहयोग ही नहीं, बल्कि आजादी भी दिलवाई थी। भारतीय सेना के साथ बीएसएफ के सैनिकों ने भी इसमें मुख्य रूप से अपनी अहम भूमिका निभाई थी। पकिस्तान द्वारा रचे कट्टरपंथी षड्यंत्र ने शेख हसीना को भारत में शरण लेने के लिए मजबूर कर दिया। बांग्लादेश की नेशनलिस्ट पार्टी और कट्टरपंथी ताकतों ने बांग्लादेश सरकार का तख्ता पलट कर अपने हाथों में ले लिया है। सत्ता संभालते ही कट्टरपंथी सरकार ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर अनेक अमानवीय अत्याचारों की शुरुआत कर दी। उनकी हत्याएं, मारपीट, प्रताड़ित करना, महिलाओं का अपहरण, दुष्कर्म, घरों-व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों की लूटपाट वहां आम हो गई है। – *राकेश शर्मा, बिलासपुर*

ट्रेंड

भारत के लिए गर्व की बात

भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। परम पावन पोप फ्रांसिस द्वारा जॉर्ज जैकब कूवाकड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर प्रसन्न हूं। जॉर्ज कूवाकड ने ईसा मसीह के अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

तीसरे स्थान पर पहुंचेगा भारत

भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

संसद में चीन पर चर्चा हो

भारत-चीन संबंधों पर संसद में चर्चा रणनीतिक और आर्थिक नीति दोनों पर केंद्रित होनी चाहिए, क्योंकि चीन पर देश की निर्भरता आर्थिक रूप से बढ़ गई है, जबकि उसने चार साल पहले हमारी सीमाओं पर यथास्थिति को एकतरफा रूप से बदल दिया था। -जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

लोकतंत्र की समझ नहीं

भाजपा को न तो लोकतंत्र की समझ है और न ही कूटनीति की। वे ओछी राजनीति में इतने अंधे हो गए हैं कि वे लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और जीवंत स्वतंत्र नागरिक संस्थाओं के मूल्य को भूल गए हैं, और वे अच्छे संबंध बनाए रखने में जिम्मेदारियों से अनजान हैं। -शशि थरूर, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करेगी पीटीआई

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के तेजतर्रार नेता अली अमीन गांदापुर ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अली अमीन ने उपमहाद्वीप में एक ऐतिहासिक लड़ाई का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा, 'हम पानीपत की लड़ाई की तरह हमले जारी रखेंगे। अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम जीतेंगे।' उन्होंने खान की रिहाई की मांग को लेकर 24 नवंबर को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए मार्च का जिक्र करते हुए यह बात कही।

ऑफ बीट

वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक

फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है - और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति-संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है।

संक्षेप

बांदा में वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा जिले के नरैनी कोतवाली क्षेत्र में देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा पाड़ादेव रिसौरा गांव के पास हुआ, जब गोपाल (32) पुत्र रामलाल बाइक से बांदा की तरफ आ रहे थे। अचानक सामने से आए वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी भेजा। वहां पर डॉ. लवलेश पटेल ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। नरैनी थाना प्रभारी रामकिशोर सिंह ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी कि एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी नरैनी भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने परिजनों से तहरीर प्राप्त करने के बाद मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हिंदू संगठनों ने एकजुट होकर जनसभा आयोजित की और पैदल मार्च निकाला। इस दौरान बांग्लादेश और अन्य देशों में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की गई। इसके बाद एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और संस्कृति पर हमले हो रहे हैं। वहां की सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने बांग्लादेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वहां के हिंदुओं के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। हाल ही में इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को गिरफ्तार करना और उनकी आवाज को दबाना अमानवीय है। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने की मांग की। ताकि हिंदू उत्पीड़न को रोका जा सके। चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की रिहाई हो। इसके बाद लोगों ने हिन्दू एकता के नारे लगाए। पोस्टर लेकर अपना विरोध व्यक्त किया। पैदल मार्च फ्री गंज रोड से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, अतरपुरा चौपला, तहसील चौपला और मेरठ तिराहे होते हुए डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर जाकर खत्म हुआ। प्रदर्शन के बाद एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर भाजपा के विधायक, जनप्रतिनिधि और कई संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस भी सुरक्षा के लिए तैनात रही। इस दौरान गुरुकुल पूठ के स्वामी अखिलानंद सरस्वती, महंत नंदकिशोर सरस्वती, माधव दास इस्कॉन मंदिर पिलखुवा, महंत महेश दास, महंत बरह गिरि, महेश आर्य, सुशील, वासुदेव आदि ने विचार रखे।

भव्य कलश शोभा यात्रा का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। गायत्री परिवार बहराइच के तत्वावधान में बुधवार मध्याह्न सदग्रंथ के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन नगरीय क्षेत्र में किया गया तथा बुधवार से ही आयोजित 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं संगीत प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया। आयोजित कलश यात्रा का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ गायत्री नगर में वैदिक विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ शुरू हुआ। सैकड़ो पीत वस्त्र धारी महिला व पुरुषों ने हाथों में सदवाक्य लेकर गगन भेदी नारे लगाते हुए वातावरण को गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात अभिनन्दन बैंक्वेट हॉल माल गोदाम रोड परिसर में आयोजित चतुर्थदिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीत प्रवचन कार्यक्रम में सहभागिता का आवाहन किया। आयोजित कार्यक्रम मे गायत्री महायज्ञ संगीतमय प्रज्ञा प्रवचन, नारी जागरण गोष्ठी, ध्यान, साधना एवं प्रज्ञायोग आदि कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न संस्कार कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया जाएगा। गायत्री परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला संयोजक एस० पी० त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रविराजक जय प्रकाश वर्मा, गायत्री महिला परिजन मंजू हरिहर सिंह, रेखा श्रीवास्तव (गायत्री बाल संस्कार शाला), मंजू मिश्रा, शशि सिंह, सुशीला, आराधना, पंडित जगदीश मिश्र, पर्यावरणविद एडवोकेट संजीव श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर नशा उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण का गायत्री परिजनों की ओर से सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

अमरोहा में युवती से छेड़छाड़

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव में चाचा के घर जा रही युवती के साथ गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं युवती को घर में जबरदस्ती खींच ले गया। जहां आरोपी ने युवती के साथ जबरदस्ती करते हुए छेड़छाड़ की। घटना की शिकायत करने पर आरोपी ने अपने परिवार के साथ युवती के पिता को पीटा। इतना ही नहीं फिर आरोपी युवती के घर आ धमके और युवती सहित परिवार के साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित परिवार थाने पहुंचा और मामले में पुलिस से शिकायत की। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। एफआईआर के मुताबिक, यहां रहने वाले एक किसान की बेटी बीती रात करीब आठ बजे गांव में ही रहने वाले अपने चाचा के यहां से घर वापस लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में खड़े गांव के ही रहने वाले सगे भाई मुकर्रब व मुशर्रफ ने बुरी नीयत से पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की।

वॉलीबॉल खिलाड़ी आदित्य प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री ने किया सम्मनित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच के कारीकोट गांव के रहने वाले वॉलीबॉल खिलाड़ी आदित्य प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री ने सम्मनित किया। जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा कारीकोट के रहने वाले आदित्य प्रताप सिंह पुत्र दीप कुमार सिंह वॉलीबॉल को राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में विजेता हुई उनकी टीम को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया है। आदित्य ने बताया कि वह वॉलीबॉल के खिलाड़ी हैं जो महाराणा प्रताप वॉलीबॉल एकेडमी खरगापुर लखनऊ की टीम से खेलते हैं। हाल ही में तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उनकी टीम विजेता हुई जिसके लिए उन्हें व उनकी टीम को मुख्यमंत्री के हाथों ट्राफी व 75 हजार रुपए का चेक देकर उन्हें सम्मनित किया गया है। बेटे के सम्मनित होने पर पिता और परिवारीजनों समेत गांव और क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

40 ग्राम पंचायत सचिवों का बाधित हुआ माह दिसम्बर का वेतन

02 बीडीओ को जारी हुई कारण बताओ नोटिस

01 ग्राम विकास अधिकारी को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यो को त्वरित गति से सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर वर्तमान वित्तीय वर्ष के साथ-साथ विगत वर्षों में अवमुक्त की गई धनराशि के सापेक्ष से निर्मित शौचालयों का भौतिक सत्यापन जिले के 71 जनपद स्तरीय अधिकारियों से कराया गया। सीडीओ ने बताया कि सत्यापनकर्ता अधिकारियों की ओर से प्राप्त हुई आख्या के अनुसार 262 शौचालय अपूर्ण पाये जाने पर सम्बन्धित सचिवों का उत्तरदायित्व तय करते हुए 14 विकास खण्डों के 40 ग्राम पंचायत सचिवों का माह दिसम्बर, 2024 का वेतन बाधित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र बताया कि सोमवार को सम्पन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में खण्ड विकास अधिकारी-रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। इसके अलावा आई.जी.आर.एस. के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा में गुणवत्तापरक निस्तारण न पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर अजय प्रताप व बीडीओ रिसिया को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है तथा ब्लाक चित्तौरा के ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया है कि आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही विकास कार्यों को भी शासन की मंशा के अनुरूप धरातल पर क्रियान्वित कराएं अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कठोर कार्यवाही से दण्डित किया जायेगा।

सेवायोजन कार्यालय में 13 दिसंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में 13 दिसंबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 05 नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में क्वैशकार्प लिमिटेड, पीपल ट्री आनलाइन, एल.आई.सी., ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक व न्यू जीवनदीप इंटर प्राइजेज द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोजगार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 13 दिसंबर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर रोजगार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

शासन द्वारा जारी रैंकिंग में बहराइच को प्रदेश में दूसरा स्थान

सीएम डैश बोर्ड में जनपद को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। माह नवम्बर 2024 के लिए शासन द्वारा जारी की गई रैंकिंग में जनपद बहराइच को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। शासन स्तर से माह नवम्बर के लिए जारी रैंकिंग में जनपद महाराजगंज, बहराइच, हमीरपुर, अम्बेडकरनगर व बुलन्दशहर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त हुआ है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के सभी सम्बन्धित अधिकारियों के प्रयास की सराहना करते हुए सभी से अपेक्षा की है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकासपरक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को शासन की मंशानुरूप धरातल पर क्रियान्वित कर अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करते हुए उसे सीएम पोर्टल पर अपलोड भी करें। इससे आम जनमानस की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान भी होगा तथा उन्हें सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत लाभ भी मिल सकेगा और साथ ही साथ अपना जनपद प्रदेश में अव्वल स्थान भी प्राप्त कर सकेगा।

अवैध मिट्टी खनन को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

- बोले- जेसीबी मशीनों से बिना इजाजत के निकाली जा रही मिट्टी

अमन लेखनी समाचार

बांदा, जिले की बबेरू तहसील में अवैध मिट्टी खनन को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी मशीनों से बिना प्रशासनिक अनुमति के तेजी से मिट्टी खनन किया जा रहा है। इससे सड़कों पर मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की, जेसीबी संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि खनन पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मामले पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन की शिकायत मिली है। जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में छात्र नेता सनी पटेल, रवि यादव, अवधेश सेन, शिवाकांत तिवारी, सौरभ पटेल, सिद्धार्थ यादव, सौरभ चतुर्वेदी, किशन, अनूप मलिक, शैलेंद्र और दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

सुल्तानपुर में कलेक्शन कंपनी के एजेंट की हत्या

हत्यारों ने शव को सड़क किनारे फेंका, पहचान छिपाने के लिए चेहरे को किया क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, कलेक्शन एजेंट की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंका गया। हत्यारे घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। ग्रामीणों ने शव देखा तो हड़कंप मच गया। कलेक्शन एजेंट जौनपुर जिले का रहने वाला है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम में भेजा है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया है। ये घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र के देवरपुर गांव की है। देवरपुर गांव में आज सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव हत्या कर फेंक दिया गया था। ग्रामीणों ने शव देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की तो मृतक के जेब से मिले कागजातों के आधार पर उसकी पहचान जौनपुर जिले के रहने वाले सूरज शुक्ला के रूप में हुई। सूरज एलएनटी कंपनी में कादीपुर तहसील क्षेत्र में कलेक्शन एजेंट का काम करता था। बताया जा रहा है कल वो पैसे लेने के लिए निकला हुआ था। एरिया मैनेजर की माने शाम 7 बजे से पहले उससे बात हुई थी, लेकिन उसके बाद उसका फोन नहीं उठा और थोड़ी देर बाद स्विच ऑफ हो गया था। आज सुबह जानकारी लगी तो कंपनी के लोग यहां पहुंचे। पुलिस के अनुसार मृतक सूरज शुक्ला के शव के पास उसकी बाइक मिली है और उसके पास से 77700 रुपए बरामद हुए हैं। सूरज की हत्या का शव फेंका गया है। उसके चेहरे व सिर पर चोट के गंभीर निशान हैं। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन कर दिया गया है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

अमरोहा में 5 हजार से ज्यादा लोगों का प्रदर्शन

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार से आक्रोश, एक रहेंगे सेफ रहेंगे की तख्तियां लेकर पहुंचे

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अमरोहा शहर के मिनी स्टेडियम में आज विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। सनातन धर्म रक्षा समिति के बैनर तले आयोजित हुए इस विशाल विरोध प्रदर्शन में गांव, शहर और आसपास के इलाके से इकट्ठे हुए लगभग पांच हजार लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की घोर निंदा करते हुए हिंदुओं को एकजुट होने का आान किया। इस विशाल धरने में साधु-संत सहित हिन्दू धर्म से जुड़े लोग शामिल हुए। इसके साथ ही धरने को लेकर पुलिस बल भी अलर्ट दिखाई दिया। मालूम रहे कि बांग्लादेश में हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। वहां पर हिन्दुओं और मंदिरों पर हमले हो रहे है। बांग्लादेश में हिंदुओं को टारगेट करने के बाद हिन्दू संगठन से जुड़े लोगों में आक्रोश है। इसी के चलते सोमवार को दोपहर 12 बजे से अमरोहा शहर के मिनी स्टेडियम में एक विशाल धरना एवं आक्रोश प्रदर्शन सनातन धर्म रक्षा समिति अमरोहा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस विशाल धरना प्रदर्शन में साधु संतों के अलावा कई महाराज और आसपास के इलाके से लगभग पांच हजार लोग शामिल हुए।

धरने में तमाम लोग हाथों में तख्तियां लिए नजर आए। इनमें लिखा था कि जागो हिन्दू जागो, हिंदुओं एक हो जाओ, एक रहेंगे सेफ रहेंगे आदि। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के रूप में करनपुरी महाराज, गुरुकुल महाविद्यालय की संस्थापिका डॉ. सुमेधा, ज्ञानी जगवीर सिंह, ईश्वर दयाल, सूर्य कुमार, महंत मनोज हरिदास सहित अन्य रहे। इसके साथ ही इस धरने में तमाम हिन्दू संगठन से जुड़े लोग, सनातनी और तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

हसनपुर में व्यापारियों ने बाजार बंद किया

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध किया, कार्रवाई की मांग की

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, जनपद के हसनपुर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में व्यापारियों ने बाजार पूरी तरह बंद रखकर अभूतपूर्व एकजुटता दिखाई। लंबे समय बाद ऐसा देखने को मिला जब नगर का बाजार पूरी तरह बंद रहा और एक भी दुकान नहीं खुली। नगर के व्यापारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवता के खिलाफ एक बड़ा अपराध है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इससे पूरे देश के हिंदुओं को गहरा धक्का लगा है। व्यापारियों ने मांग की कि भारत सरकार इस मुद्दे पर बांग्लादेश सरकार से कड़ा विरोध दर्ज कराए और वहां हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाए। बाजार बंद के फैसले को स्थानीय लोगों का भी भरपूर समर्थन मिला। लोगों का कहना था कि नगर के लोग किसी भी प्रकार के अत्याचार और अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ खड़े हैं और उनकी सुरक्षा व न्याय के लिए प्रार्थना करते हैं। व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि बाजार बंद करने का निर्णय सभी व्यापारियों की सहमति से लिया गया। उन्होंने कहा, यह निर्णय किसी पर दबाव डालकर नहीं लिया गया है, बल्कि सभी दुकानदारों ने खुद एकजुटता का परिचय दिया है। उन्होंने आगे कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में अमरोहा में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बांग्लादेश सरकार पर कार्रवाई का दबाव बनाने की अपील की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हसनपुर के लोग किसी भी अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए तैयार रहते हैं।

सुल्तानपुर में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी

नदी किनारे धधक रही थीं भट्ठियां, एसडीएम ने 600 केजी लहन नष्ट कराया

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, कादीपुर के तराई क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां धधक रही हैं। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी एक्टिव मोड में आ गए। उन्होंने आबकारी विभाग की टीम के साथ छापेमारी की। इसमें 80 लीटर अवैध शराब व 600 केजी लहन बरामद करके नष्ट कराया है। उप जिलाधिकारी कादीपुर उत्तम तिवारी के नेतृत्व में आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द के जंगलिया में दबिश की कार्रवाई की। उन्होंने ईंट भट्टों पर सघन जांच की। साथ ही साथ कादीपुर खुर्द के जंगल क्षेत्र में लगभग 80 लीटर अवैध शराब व 600 केजी लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कराया। यहां प्रशासनिक व पुलिस टीम की छापेमारी की सूचना लगते ही अवैध कच्ची शराब के कारोबारी मौके से भाग निकले। नदी के किनारे बड़े पैमाने पर अवैध शराब की भट्ठियां बनाई गई थी, जिसे तोड़ा गया है। बरामद शराब को सील किया गया है। छापेमारी में आबकारी निरीक्षक गिरिराज सिंह, सिपाही विकास सिंह, सूबेदार यादव, विजय बहादुर सरोज व वाहन चालक कलीम अंसारी शामिल रहे।

सरकारी जमीन पर कब्जे और अवैध निर्माण

खलिहान की जमीन पर बनाया आशियाना, चार बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, जिले के बल्दीराय तहसील क्षेत्र में ग्राम पंचायतों की बेशकीमती जमीनों पर दंबगों द्वारा अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। घूर गड्ढा, नाली, चकरोड, खलिहान और तालाब जैसी सरकारी जमीनों पर इन कब्जों को रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। शासन और हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद, तहसील प्रशासन अवैध निर्माण को हटाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। भवानीगढ़ बाजार में स्थित खलिहान की बेशकीमती जमीन पर दंबगों का कब्जा हो गया है। ग्रामीणों ने इस अवैध कब्जे को हटवाने के लिए तहसील और थाना सहित कई अधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत के गाटा संख्या 670, जो खलिहान के रूप में दर्ज है, पर आधा दर्जन दंबगों ने पहले अपना आशियाना बना लिया, और अब शेष जमीन पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने कई बार तहसील दिवस और थाना दिवस पर शिकायतें दी, लेकिन प्रशासन के सामने दंबगों का प्रभाव इतना मजबूत है कि कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उपजिलाधिकारी बल्दीराय ने अब इस मामले में संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए अवैध निर्माण को रोकने का निर्देश दिया है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या प्रशासन ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाने में सक्षम होगा? सर्वेश यादव, जो इस मामले के प्रमुख शिकायतकर्ता हैं, ने कहा कि उन्होंने कई प्रार्थनापत्र दिए हैं, लेकिन अब तक कोई असर नहीं हुआ। यदि इस बार भी कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो वे पूरे मामले को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास लेकर जाएंगे और उन्हें अवगत कराएंगे।

संक्षेप

गाजियाबाद में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ फूंका पुतला

हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में तीन स्थानों पर किया गया विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद के मोदीनगर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिन्दू संगठनों ने मोदीनगर में तीन स्थानों पर पुतला फूंककर अपना विरोध जताया। इस मौके पर उन्होंने भारत से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। मातृभूमि सेवा संघ के कार्यकर्ता एकत्र होकर गोविन्दपुरी कॉलोनी स्थित शहीद चौक पर पहुंचे। वहां पर उन्होने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी है। वहां पर मौजूद लोगों का कहना था कि भारत सरकार को हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए तुरन्त हस्तक्षेप करना चाहिए। इस मौके पर उन्होने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया। इस मौके पर गन्ना समिति के चेयरमैन दीपक राणा, राजन चौधरी, नीरज शर्मा, राहुल कुमार, खुशाल नेगी, मोहित सोनी मौजूद रहे।इसके अलावा केसारिया हिन्दू वाहिनी के सोमेश शर्मा ,गौरव शर्मा ,गिरीश, अरविंद चौधरी ने दिल्ली मेरठ मार्ग पर हरमुखपुरी कॉलोनी के सामने पुतला फूंककर अपनो विरोध जताया। इसके अलावा हिन्दू युवा वाहिनी के नीरज ने भी दर्जनों कार्यकताओं के साथ जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

बिजनौर में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

लाखों का सामान जलकर राख, दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद पाया काबू

अमन लेखनी समाचार

बिजनौर, बिजनौर के धामपुर इलाके में न्यू हिंदू कॉलोनी में एक घर में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर के अंदर रखा सभी सामान जलकर राख हो गया। यह हादसा अनिता देवी और उनके परिवार के घर पर हुआ, जिनकी घर में तब कोई नहीं था, क्योंकि पूरा परिवार काम से बाहर गया हुआ था। आसपास के लोगों ने जब आग देखी, तो उन्होंने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और साथ ही दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर में रखा सामान और नगदी जलकर पूरी तरह से राख हो चुकी थी। आग लगने से घर में रखी 40 हजार रुपये की नगदी, कपड़े, राशन, टीवी, वाशिंग मशीन, जरूरी कागजात सहित लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान जल गया। इस हादसे के बाद परिवार को भारी नुकसान हुआ है और वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

विवाहिता ने दर्ज कराया पति, ससुर, जेठानी, ससुर,सास पर छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। खोराबार थाना क्षेत्र के प्यासी निवासी लक्ष्मी उर्फ लक्ष्मीना पुत्र रामसिंह की शादी 20 नवंबर 2019 को हरेंद्र यादव पुत्र सतई यादव निवासी केशवाखोर थाना सहजनवा के साथ सम्पन्न हुआ था। स्वजन ने उपहार में 1.50 लाख रुपए नकद, बाइक के लिए 1.20 लाख रुपए नकद और जेवरात के साथ अन्य सामान दिया गया था। विदाई के बाद ससुराल गई। इस दौरान एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल के लोग गाड़ी और जमीन खरीदने के लिए 4 लाख रुपए की मांग करने लगे। स्वजन से कहने पर असमर्थता जाहिर किए। इसके बाद ससुराल के लोग प्रताड़ित करने लगे। कमरे में अकेला पाकर भसुर घर में घुस आया और अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर 6 सितंबर 2024 को ससुराल के लोगो ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति हरेंद्र यादव, बहुत उपेंद्र यादव, ससुर सतई यादव, जेठानी पुष्पा यादव, सास सुनीता देवी के खिलाफ छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

शौच कर घर आ रही महिला को मनबढ़ो ने पीटा, तीन पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के कुसमौल में मंगलवार को सुबह 6 बजे शौच कर घर आ रही महिला को मनबढ़ो ने रास्ते में घेर कर लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी कुसमौल निवासी रीमा देवी पत्नी लवकुश मंगलवार को सुबह 6 बजे शौचकर घर आ रही थी। रास्ते में देखकर गांव के तीन मनबढ़ उसे घेर कर लाठी डंडे और धारदार हथियार से मार पीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आकाश पांडेय, रामभजन पांडेय, संतोष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पति कमा रहा था मुंबई, पत्नी ने देवर से बना लिया अवैध संबंध

पीड़ित का फर्जी हस्ताक्षर बना कर फाइनेंस कम्पनी से निकाल लिए 4500 हजार

विरोध करने पर गला दबा कर जान मारने की किया गया कोशिश

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी एक व्यक्ति मुंबई में मजदूरी करता है। इस दौरान पत्नी ने देवर से अवैध बना लिया। उसका फर्जी हस्ताक्षर कर फाइनेंस कम्पनी से 45 हजार रुपया निकाल लिए और विरोध करने पर जान से मारने की कोशिश की गई। पीड़ित ने छोटे भाई और पत्नी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से डुमरी निवासी एक शख्स जो मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। पत्नी और छोटा भाई घर पर रहते थे। इस दौरान मौका देखकर दोनों ने अवैध संबंध बना लिया। दोनो ने मिलकर पीड़ित का आधार कार्ड, वोटर आईडी लगाकर फर्जी हस्ताक्षर कर फाइनेंस कम्पनी से 45 हजार रुपए निकाल लिए है। और मां के नाम से बीमा को छोटा भाई और पत्नी वारिस बनकर निकाल कर रुपया हड़पने की कोशिश कर रहे है। विरोध करने पर गला दबा कर जान से मारने की कोशिश भी कर रहे है। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा कि मामले की जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

दहेज में एक लाख नकद, बाइक, चैन न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के रामनगर सुरस निवासी अंजनी वर्मा पुत्री बैजनाथ वर्मा की शादी 16 फरवरी 2022 में राहुल वर्मा पुत्र सत्यदेव वर्मा उर्फ सुनील वर्मा निवासी जानकीपुर थाना गोला के साथ हुई थी। शादी में उपहार के रूप में 50 हजार रुपया और गहने के साथ अन्य सामान स्वजन को दिया था। शादी के बाद ससुराल पहुंची। तो कुछ दिन बाद ससुराल के लोग एक लाख नकद, बाइक और सोने की चैन मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। जिसकी जानकारी स्वजन को दी। जिसने असमर्थता जाहिर किए। इसके बाद ससुराल के लोग उसे मारपीट कर घर से निकाल दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति राहुल वर्मा, ससुर सत्यदेव उर्फ सुनील वर्मा, देवर रोहित वर्मा, सास भगवंती, ननद नेहा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

विपक्षियों पर लगाया ग्राम सभा व सरकारी नाले की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर/नगर मुख्यालय निवासी खिरकापुरा लक्ष्मण प्रसाद पुत्र पलटुराम ने जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र मैं मुहल्ला चोबायाना निवासी नामदर्ज पांच लोगों सहित 10से 12लोगों पर ग्राम सभा की जमीन एवम नाले का स्वरूप बदलकर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र मैं शिकायत करता ने बताया की ललितपुर नगर मुख्यालय चोबायना निवासी पांच नाम दर्ज एवम 10-12 अज्ञात लोगो के द्वारा ग्राम सभा की भूमि एवं सरकारी नाले की भूमि पर दवंगई व गुण्डागिर्दी के बल पर जबरिया कब्जा करके उसको प्लाटिंग के रूप में विक्रय कर रहे है एवं उक्त लोगो के द्वारा सरकारी नाले को बन्द कर दिया है साथ ही उक्त लोग प्रार्थी की आराजी 5911 व 5912 पर भी दबंगई व गुण्डागिर्दी के बल जबरिया कब्जा करके उसको विक्रय करने की फिराक में है शिकायत कर्ता की जमीन पर कब्जा करने की नियत से आए लोगों पर जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जिससे पीड़ित व्यक्ति को अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई साथ ही उक्त दबंग लोगों पर जमीन की पैमाईश कर सरकारी भूमि पर कब्जा करने के आरोप मैं कड़ी कार्यवाही की जाने की मांग की

विद्युत विभाग की जागरूकता रैली से जागरूक हुए उपभोक्ता

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र अमौली के कर्मचारियों ने अमौली कस्बे समेत क्षेत्र के अन्य दर्जनों गांव में पहुंचकर जागरूकता रैली निकालते हुए बकायेदारों को ओटीएस योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए अमौली उपकेन्द्र के अवर अभियंता हरिकेश द्वारा उपभोक्ताओं एवं बकायेदारों को सरकार द्वारा आगामी 15 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली एक मुस्त योजना के बारे में समझाया गया वहीं उपभोक्ताओं की अन्य समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया गया अवर अभियंता ने बताया एक मुस्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को पंजीकरण कराना अनिवार्य है जहां उपकेंद्र के साथ-साथ अन्य स्थानों पर भी ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण निरंतर किया जा रहा है सरकार की सभी योजनाओं से जागरुक होकर उपभोक्ताओं ने जल्द ही बिजली बिल की बकाया राशि जमा करने का आश्वासन दिया इस मौके पर अवर अभियंता हरिकेश कुमार के साथ तकनीकी सहायक सौरभ रामप्रकाश रोहित दीपक लाइनमैन महावीर उर्फ बाबू राम सिंह पंकज छेदा लाल तथा अरुण कुमार समेत सभी नियमित तथा संविदा कर्मचारी क्षेत्र भ्रमण रैली पर मौजूद रहे

विवादित भूमि में चल रहे विद्यालय को बंद करने के लिए शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के डी डोहरिया कला में विवादित भूमि में चल रहे विद्यालय को बंद करने की मांग करते हुए पीड़ित ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जांच कराकर कारवाई करने की मांग किया है। डोहरिया कला निवासी कमलेश पांडेय पुत्र परमहंस पांडेय ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर किए गए शिकायत में आरोप लगाया है कि आराजी संख्या 263 में एक विद्यालय चलता है। उसकी भूमि विवादित है। उस मकान में आधे के हिस्सेदार पिता है। भूमि विद्यालय के नाम से आवंटित नहीं है। जिसकी जांच कराकर आधा हिस्सा खाली कराए जाने की मांग किया है। इस संदर्भ में एसडीएम दीपक गुप्ता ने कहा की शिकायत अज्ञेय के बाद जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

लाउड स्पीकर बंद कराने की मांग

हिंदू युवा वाहिनी के सदस्य बोले- मस्जिदों में यूज हो रहा है

अमन लेखनी समाचार

बागपत, जिले के खेकड़ा तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों में धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर के उपयोग को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। हिंदू युवा वाहिनी ने एसडीएम खेकड़ा को ज्ञापन सौंपकर लाउड स्पीकर बंद कराने की मांग की है। हिंदू युवा वाहिनी ने शिकायत में मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर के उपयोग को नियंत्रित करने और ध्वनि की सीमा निर्धारित करने के आदेश दिए गए थे। प्रशासन ने पहले सभी धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटवाए थे, लेकिन अब फिर से मस्जिदों में लाउड स्पीकर का इस्तेमाल हो रहा है। हिंदू युवा वाहिनी के खेकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष आकाश त्यागी ने कहा कि यह देश संविधान और कानून से चलता है।

जहां सभी धर्मों के लिए समान नियम होने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मस्जिदों और मजारों पर नियमों की अवहेलना कर लाउड

स्पीकर का उपयोग किया जा रहा है, जो गलत है। इस मामले में उपजिलाधिकारी खेकड़ा ज्योति शर्मा ने पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि सभी नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। कानून व्यवस्था को बनाए रखा जाए।

कार ने घोड़ा बुग्गी को मारी टक्कर, घोड़े की मौत

10 फीट हवा में उछलकर 3 बार घूमा, हादसे में 5 गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

बागपत, निवाड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने घोड़ा बुग्गी को टक्कर मार दी। इस हादसे में घोड़े की मौत हो गई। वहीं कार सवार पांच लोग और घोड़ा बुग्गी पर सवार 3 लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। वहीं घोड़ा बुग्गी पूरी टूट गई। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि घोड़ा करीब 10 फीट हवा में उछलकर 3 बार घूमा। फिर 20 फिट दूर जाकर गिरा। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर हुई। खेड़ा हटाना के रहने वाले नरेश राणा अपनी पत्नी रेणु और बच्चों के साथ दिल्ली से शादी समारोह से लौट रहे थे। निवाड़ा गांव के पास उनकी कार ने घोड़ा बुग्गी को टक्कर मारी और फिर खुद एक ट्रक से जा भिड़े। इस हादसे में कार सवार नरेश राणा, उनकी पत्नी रेणु राणा और उनके साथ वापस आ रहे आकांक्षा, प्रांजल और रश्मि गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, घोड़ा बुग्गी पर सवार सलीम, राशिद, और गुरमत को भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। नरेश राणा

और उनकी पत्नी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें दिल्ली के अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर टूटे वाहनों को सड़क किनारे किया। मामले की जांच शुरू कर दी है।

गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर किसान पहुंचे थाने और ब्लॉक दफ्तर

मिल से गन्ने की पर्ची न मिलने पर किया प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

बिजनौर, बिजनौर में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले स्योहारा के बुढ़नपुर ब्लॉक कार्यालय और थाने में आज किसानों ने गन्ने के मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। दर्जनों किसान गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ पहुंचे और धरने के दौरान प्रशासन और शुगर मिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि मिल प्रबंधन पर्याप्त गन्ना पर्चियां जारी नहीं कर रहा, जिससे किसान परेशान हैं। धरने का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत ने कहा, हमारी मांगें लंबे समय से नजरअंदाज की जा रही हैं। किसानों को उनकी फसल का सही दाम नहीं मिल रहा, और मिल प्रबंधन समय पर पर्चियां जारी करने में असफल रहा है। हमने पहले ही चेतावनी दे दी थी कि अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन होगा। अब जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। किसानों ने सरकार से गन्ने का समर्थन मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। किसानों ने चेताया कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और उग्र हो सकता है। धरने में रामचरण सिंह, गजराम सिंह, विजेंदर त्यागी, भूपेंद्र त्यागी, और यशपाल सिंह समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे। सभी ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान ने कहा, सरकार और मिल दोनों मिलकर किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। शुगर मिल तो चालू हो चुकी है, लेकिन अब तक गन्ने की कीमतों का ऐलान नहीं हुआ है। हमें गन्ना बेचने के लिए पर्याप्त पर्चियां भी नहीं दी जा रहीं। किसानों ने प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। उन्होंने साफ कर दिया कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो यह आंदोलन थमने वाला नहीं है।

पहले जेल में बंद किसानों से मिलेंगे फिर होगी बातचीत

नोएडा में मीटिंग कर लिया गया फैसला, साथियों के साथ बर्बरता होने पर होगा आंदोलन

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, जिले में चल रहे किसान आंदोलन के संबंध में पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता करने से पहले किसान नेताओं का 21 सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल आज जेल में बंद विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात कर सकता है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे प्रमुख नेताओं से राय लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने दनकौर कैंप पर मीटिंग कर किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनके साथ बर्बरता हुई, तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से जारी बयान के मुताबिक जेल में बंद किसान नेताओं से राय लेकर अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। किसान नेताओं की जो भी राय होगी, उसी के अनुसार काम किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार को 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जेल में बंद किसानों से मिलने पहुंचेगा। पूरी स्थिति से अवगत कराने के साथ उनकी राय ली जाएगी कि अधिकारियों से किन किन मुद्दों पर बात करनी है। राय लेकर जिलाधिकारी से वार्ता की जाएगी। बता दें कि सुखवीर खलीफा, डॉ. रूपेश वर्मा सहित कई प्रमुख किसान नेता जेल में हैं। बैठक में भाकियू टिकैत, जय जवान जय किसान, भाकियू महात्मा टिकैत, अखिल भारतीय किसान सभा, सिस्टम सुधार संगठन, भारतीय किसान एकता, किसान एकता महासंघ, भारतीय किसान परिषद, भाकियू भानू, भाकियू अखंड, भाकियू कृषक शक्ति, भाकियू अजगर, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा, किसान एकता महासंघ भारतीय किसान यूनियन मंच, भाकियू संपूर्ण भारत आदि संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पवन खटाना ने कहा कि आंदोलन कर रहे किसान नेताओं को पुलिस द्वारा जबरन गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया है। किसानों से मुलाकात के बाद ही अधिकारियों से वार्ता सम्भव हो सकेगी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जेल में बंद किसानों के साथ बर्बरता हुई, तो संयुक्त किसान मोर्चा देशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस दौरान चंद्रपाल नवादा, अनित कसाना, सुनील जुनैदपुर, हरेंद्र कसाना, वॉवी नागर, जयकिशन नागर, श्यामवीर एडवोकेट और अरविंद समेत कई किसान मौजूद रहे।

गाजियाबाद में साधु-संतों का पैदल मार्च, सीएम के नाम ज्ञापन

मीट फैक्ट्री पर बुलडोजर चलाने की और गाय को राजमाता का दर्जा देने की मांग

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, प्रदेश भर में लगातार हो रही गौ हत्या को लेकर साथ ही जगह-जगह खुली मीट फैक्ट्री के विरोध में दिगम्बर अखाड़े के महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा की बैनर तले हजारों की तादाद में साधुओं ने कवि नगर रामलीला ग्राउंड से पैदल मार्च निकाला और जिलाधिकारी दफ्तर तक पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। कंप्यूटर बाबा का कहना है कि प्रदेश की सरकार एक महंत चला रहे हैं। बावजूद उसके जिस तरीके से निर्मम तरीके से गौ हत्या की जा रही हैं और उनके लहू को नदियों में बाहर जा रहा है यह सहनीय नहीं है। वहीं दूसरी ओर उनका कहना है कि महाराष्ट्र के सीएम ने गाय को राष्ट्रमाता कर दिया है घोषित वहीं दूसरी ओर असम में भी को मांस पर पाबंदी लगा दी गई है। बावजूद उसके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद एक साधु होने के बाद भी गौ माता के बारे में कुछ नहीं सोच रहे हैं। जरूरत है इस और विशेष ध्यान देने के साथ ही सख्त कानून बने। ताकि लगातार बढ़ रही को हत्याओं पर अंकुश लगाया जा सके।

बुलंदशहर में किसानों की पंचायत

अधिग्रहण के खिलाफ उठी आवाज, चोला क्षेत्र के किसानों ने की विरोध की घोषणा

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, सिकंदराबाद विधानसभा के चोला क्षेत्र के किसानों ने अपनी जमीन के अधिग्रहण को लेकर एक महत्वपूर्ण पंचायत आयोजित की। यह पंचायत किसान सेवा समिति के नेतृत्व में सुखबीर सिंह यादव के फार्म हाउस आढा पर हुई, जिसमें किसानों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि वे अपनी खेती की जमीन को अधिग्रहण से मुक्त कराना चाहते हैं। किसान सेवा समिति के संयोजक अजित सिंह दौला ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से किसान अपनी जमीन को परिवार के पालन-पोषण के लिए बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद, भूमि का मुआवजा न मिलने के कारण किसानों के नाम भू-रिकार्ड से काट दिए गए। इससे किसानों को सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, खाद-बीज जैसी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग की है कि चोला क्षेत्र के किसानों के भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को रद्द किया जाए और उनकी भूमि को खतौनी में फिर से दर्ज किया जाए। साथ ही, यदि किसी राष्ट्रीय परियोजना के लिए भूमि की आवश्यकता हो, तो नया भूमि अधिग्रहण कानून लागू करके सभी उचित लाभ प्रदान कर पुनः अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाए। इस पंचायत में किसान और उनके प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुँचाने का संकल्प लिया और आगे भी इस संघर्ष को जारी रखने की योजना बनाई।

संक्षेप

निशुल्क बीज पाने के लिए किसानों की उमड़ी भीड़

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सरकार से प्राप्त हुआ निशुल्क बीज लेने के लिए राजकीय बीज भंडार में किसानों का पूरे दिन मजमा लगा रहा। पंजीकृत किसानों को ईपाश मशीन में अंगूठा लगवाकर 8 किलो बीज दिया गया। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि सरकार ने निशुल्क वितरण के लिए मसूर का बीज उपलब्ध कराया है। पंजीकृत किसानों को 8 किलो बीज दिया जाना है। उन्होंने बताया कि 150 कुंतल बीज आया है। अभी तक 100 किसानों के मध्य बीज का वितरण किया गया है। वितरण जारी है। बताया कि अभी तक 80 कुंतल बीज का वितरण हो चुका है। 70 कुंतल बीज बचा हुआ है। बुधवार को बीज लेने के लिए किसानों की बीज भंडार में भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल, एक हुआ रिफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। किसी कार्यक्रम में आये जालौन जनपद के दो युवक मौदहा क्षेत्र के नेशनल हाइवे में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर एक युवक को सदर अस्पताल रिफर कर दिया गया। सीएचसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी कार्यक्रम में आये राजा सिंह 40 वर्ष पुत्र प्रमोद सिंह निवासी जालौन तथा अमरजीत 38 वर्ष पुत्र वीर बहादुर निवासी जालौन क्षेत्र के नेशनल हाईवे में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें राजा सिंह की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

घरेलू कलह के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। गृह कलह के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजनों ने मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है। इंगोहटा गांव निवासी रज्जू उर्फ बउआ 33 वर्ष पुत्र मूलचंद ने घरेलू कलह के चलते डाई की पुड़िया खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने उसे तड़पता देखकर आनन-फानन में मौदहा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अभी तक युवक का इलाज चल रहा है।

प्रधान अध्यापिका पर बिना हस्ताक्षर किए पैसा निकालने का आरोप

एसएमसी अध्यक्ष सहित सदस्यों ने जिला अधिकारी को दिए ज्ञापन मैं उठाई कार्यवाही की मांग

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर। ललितपुर के तालबेहट तहसील क्षेत्र के ग्राम काली पहाड़ी स्थत प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधान अध्यापिका पर एसएमसी अध्यक्ष और सदस्यों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एस एम सी . के खाते से दिनांक 25-11-2024 में 22000 रुपया अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर बना करके पैसे निकल गये है एमएमसी अध्यक्ष राजेश के पूछने पर जाति सूचक शब्द से अपमानित करने का भी आरोप लगाते हुए अध्यापिका पर मनमर्जी से विद्यालय मैं सरकारी कर रही हैं एसएमसी अध्यक्ष राजेश द्वारा बताया गया की सरकारी रकम को ऊपर बैठे अधिकारियों को दस प्रतिशत देना पड़ता है जिस कारण कोई कार्यवाही नहीं कर सकता है बिना हस्ताक्षर किए पैसा निकालने पर गांव के अभिभावकों मैं प्रधान अध्यापिका पर भ्रष्टाचार के चर्चा जोरों से किए जा रहे हैं जिला अधिकारी को दिए ज्ञापन मैं प्रधान अध्यापिका पर कार्यवाही की मांग की ज्ञापन पर एस एमसी अध्यक्ष राजेश ,नीतू , जानकीआदि के हस्ताक्षर बताए गए

जिलाधिकारी के प्रभावी अनुश्रवण व मार्गदर्शन से जनपद को सीएम डैशबोर्ड में मिली अब तक की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल दिशानिर्देशन, मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों , राजस्व कार्यों एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है । इसी क्रम में माह नवंबर 2024 की शासन द्वारा जारी की गई विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को अब तक की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंक प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की राजस्व एवं विकास विभाग की सम्मिलित रैंक में जनपद को 88.80% अंक के साथ प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त हुई है। विकास कार्यों में भी प्रदेश स्तर पर 94.10% अंकों के साथ जनपद को तीसरी रैंक प्राप्त हुई है । इसके अलावा राजस्व से संबंधित कार्यों में 81.50% अंको के साथ जनपद को अब तक की सर्वश्रेष्ठ 11वीं रैंक प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की विकास कार्यों से संबंधित विभागवार रैंकिंग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना , सोलर स्ट्रीट लाइट ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन ,पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण ,दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी ,विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी ,प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि ,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, मनरेगा ,भवन निर्माण ,सड़क निर्माण ,102 एम्बुलेंस व 108 एम्बुलेंस ,टेली रेडियोलॉजी , बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, सिटी स्कैन सेवाएं ,दूध मूल्य भुगतान स्थिति ,सहकारी दुग्ध समितियां ,दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन , पांचवा राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत ,व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प ,पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन , निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गभार्धान, संरक्षित निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना ,प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण , नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण , ओडीओपी टूलकिट वितरण एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना , विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना ,राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली , रबी फसल टेल फीडिंग व सिल्ट सफाई इन सभी कार्यों में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसके अलावा सीएमआईएस निर्माण कार्य , मध्याह्न भोजन व विद्यार्थियों की उपस्थिति में 90% अंक के साथ ए ग्रेड प्राप्त हुआ है।

राजस्व से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की परियोजनाओं के अंतर्गत पेट्रोल पंपों का सत्यापन मुद्रांकन ,राइट ऑफ वे ,औषधि विक्रय लाइसेंस, एनएफएसए ईपीडीएस लाभार्थी, परिवहन ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, एल ओ आई के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया ,जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह, राज्यकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्यवाही, कृषि भूमि से गैर कृषि, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रबी खरीफ व जायद ई-खसरा, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन, एंटी भू माफिया, जाति प्रमाण पत्र, धारा 98 , निर्विवाद उत्तराधिकार, भूलेख, सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट , मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, भूतपूर्व सैनिकों के परिचय हेतु ऑनलाइन सेवाएं में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। वही आरसीसीएमएस डैशबोर्ड , नामांतरण , पैमाइश , स्वामित्व डैशबोर्ड मे ए ग्रेड प्राप्त हुआ तथा डिजिशक्ति ,संकलित औषधि नमूना एवं कृत कार्यवाही ,प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, कुर्रा बटवारा , भूमि आवंटन पट्टा डैशबोर्ड , स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति व आइजीआरएस जनसुनवाई में बी ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद को प्रदेश स्तर पर प्राप्त हुई इस सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी प्रकार से सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपनी विभागीय योजनाओं/ कार्यों को अच्छे ढंग से क्रियान्वित करते हुए जनपद को प्रदेश में प्रथम रैंक पर लाने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाय।

बीच सड़क में आपस में भिड़े दो सांड, लोगों में अफरा तफरी



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नेशनल हाईवे रोड़ पर आवारा जानवर हमेशा घूमा करते हैं रोड पर छोटे बड़े वाहन तेज रफ्तार से फरार्टा भरते हैं आवारा जानवरों के आपस में लड़ने ' घूमने से कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है बीच सड़क पर आपस में दो सांडों की लड़ाई से लोगों में फैला अफरा तफरी का माहौले तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावतपुर के सामने उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे पर हमेशा आवारा जानवर बीच रोड पर झुंड के झुंड बैठे रहते हैं कई बार बड़े वाहन की टक्कर से कई जानवर की मौत भी हो चुकी है व जानवरों के टक्कर से कुछ लोगों की भी जान चली गई है कुछ घायल भी होते हैं बीच सड़क पर आवारा जानवरों की आपस में लड़ने व घूमने के कारण लगातार घटनाएं घट रही है बुधवार को दोपहर दो आवारा सांड आपस में लड़ने लगे जिससे तेज रफ्तार वाहन टक्कराने से बाल बाल बचा यदि शासन के द्वारा आवारा जानवरों को नेशनल हाईवे से नहीं हटाया गया तो शीघ्र ही कोई बड़ी अनहोनी घटना पुनः घटित हो सकती हैं

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।उत्तर प्रदेश, राज्य महिला आयोग की सदस्या पूनम द्विवेदी के द्वारा जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने एवं प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिला के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के साथ ही महिलाओं को उनके विधिक अधिकारो की जानकारी दिलाये जाने हेतु समय-समय पर जिले में महिला जनसुनवाई, विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कर विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से उत्पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई ज्यादातर शिकायतें विभिन्न थानों से संबंधित रही। इन सभी समस्याओं को राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिकता के साथ निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरतमंद /पात्र महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान हेतु संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी नहीं है उनको विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में आच्छादित करने हेतु तथा उनको योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं । कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, महिलाओं को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित भी किया जा रहा है। सदस्या ने 1090 (वूमेन पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइल), 112 (पुलिस आपतकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जनसुनवाई के पश्चात सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां पर स्थित महिला बैरिक/महिला बंदी गृह को देखा तथा वहां दी जा रही सुविधाओं के बारे में महिला कैदियों से फीडबैक लिया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने वन स्टाप सेंटर एवं जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाएं देखी तथा उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

सुल्तानपुर में छेड़खानी का विरोध करने पर पिटाई, हिरासत में तीन

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर में किशोरी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर गांव के ही तीन युवकों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। जिसमें लड़की के पिता और चाचा को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव की है। आरोप है कि गांव निवासी सूरज, सचिन और मनोज गांव की एक किशोरी से स्कूल आते जाते हुए छेड़खानी करते थे। आरोप तो ये भी है कि इन आरोपियों ने किशोरी को रोककर जबरदस्ती मोबाइल नंबर देने का प्रयास किया। जिसका किशोरी ने विरोध किया। स्कूल से लौटकर जब किशोरी ने परिजनों को घटना से अवगत कराया, तब किशोरी के चाचा शिकायत लेकर बुधवार दोपहर आरोपियों के घर पर गए। जहां सभी आमादा फौजदारी हो गए।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सलाहकार समिति की बैठक

बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण..... डीएम।

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में मंगलवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वार्षिक ऋण योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना, फसल ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन तथा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए, अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए, इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु कैंप लगाने के निर्देश एलडीएम व बैंकर्स को दिए। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

प्रान्तीय रक्षक दल (पीआरडी) का 76वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय पीआरडी का 76वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आज ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा विकासखण्ड- भादर के मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें पीआरडी स्वंयसेवक की परेड/वॉलीबाल/दौड़ की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। परेड की सलामी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि द्वारा ली गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्ष का स्वागत काशीनाथ जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी अमेठी ने बुके भेंट एवं बैच, शॉल पहनाकर सम्मान किया गया। परेड में 21-21 पीआरडी स्वंयसेवक की कुल 3 टोलियों 1-1 टोली कमांडर कुल 66 पीआरडी स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान टोली नं-2 ने प्राप्त किया, जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी, शील्ड, पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त आयोजन में थानाध्यक्ष पीपरपुर रामराज कुशवाहा व थानाध्यक्ष रामगंज अजयेन्द्र पटेल, कार्यक्रम प्रभारी निधि श्रीवास्तव व परेड कमाण्डेन्ट रागिनी क्षे० यु० क० एवं प्रा० वि०द० अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने चिल्ली गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बुधवार को जनपद के गोहांड विकासखंड के चिल्ली ग्राम पंचायत में आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उनके साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना भी मौजूद रहे। ग्राम चौपाल के इस कार्यक्रम में मंडलायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उन सभी शिकायतो को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर चौपाल की शिकायतों का निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम में लापरवाही/ शिथिलता पर मंडलायुक्त ने ग्राम सचिव चिल्ली को प्रतिकूल प्रविष्टि देने व वेतन रोकने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना तथा स्वास्थ्य संबंधी अन्य कार्यक्रमो में शिथिलता पर उन्होंने एमओआईसी गोहांड का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इन दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत गांव में कैंप लगाकर लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा योजना में अधिक से अधिक पंजीयन कराया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में प्रत्येक घर तक नियमित रूप से तथा प्रतिदिन पेयजल सप्लाई की जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से शत प्रतिशत पात्र लोगों को आच्छादित किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। गांव के संपर्क मार्गों को दुरुस्त किया जाए । गांव में जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए इसके लिए खेत तालाब योजना को अच्छे ढंग से क्रियान्वित किया जाए।उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए जागरुक करते हुए कहा कि जल का उतना ही उपयोग किया जाए जितना उसकी आवश्यकता है अनावश्यक जल का दुरुपयोग किसी भी दशा में ना किया जाए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार के गुणवत्ता की जांच की जाए ।70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए । उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की मौजूदगी में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। इस मौके पर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने पंचायत भवन का निरीक्षण कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था देखी। उन्होंने गांव आयुष्मान भारत के अंतर्गत बने आरोग्य केंद्र का अवलोकन किया तथा गांव भ्रमण कर वहां बने अमृत सरोवर का अवलोकन किया। उन्होंने बारात घर व सरकारी राशन की दुकान का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने नहर एवं गांव के संपर्क रोड का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्रनाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी ,कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण लीला का हुआ वर्णन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।मुस्करा विकासखंड के भरखरी गांव में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य पंडित ऋषभदेव पाण्डेय ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया।उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपने राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। कथा वाचक आचार्य पंडित ऋषभदेव पाण्डेय ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है। इसके श्रवण करने से मनुष्य अमृत हो जाता है। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। आचार्य पंडित ऋषभदेव पाण्डेय ने भजन गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान फूलवती,पं0 मूलचंद्र शास्त्री, भागवती,पं0 रघुवीर प्रसाद, रामऔतार पाठक, बाबूराम पाठक, महेश्वरीदीन, मनोज, विनोद, अवधेशनारायण, सत्यप्रकाश, प्रतिपाल, अभिलाष, गोविन्द, अंकित, पंकज, रामजी, अनुराग, आदित्य, श्याम जी, अनुज, कृष्णा सहित गांव के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

अमेठी में कपड़े और जूते की दुकानों में आग

लाखों रुपए का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के जायस थाना क्षेत्र में देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण दो दुकानों में भीषण आग लग गई। मोहम्मद कासिम की ₹गोल्ड फैशन₹ रेडीमेड कपड़े की दुकान और मुमताज शू हाउस की दुकान जलकर राख हो गईं। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।घटना की जानकारी मिलने पर कासिम और मुमताज ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, फायर ब्रिगेड दो घंटे देरी से पहुंची, तब तक दोनों दुकानों का करीब 18 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था। दुकानदार कासिम ने बताया कि रेडीमेड कपड़ों का लगभग 15 लाख रुपए और जूतों का करीब 3 लाख रुपए का सामान जल गया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



'पुष्पा 2' को प्रमोशन की जरूरत नहीं : राजामौली

मुंबई। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत 'पुष्पा 2' सिनेमाघरों में लगी है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गदर काट रही है। फैंस के साथ-साथ तमाम सितारे भी फिल्म पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में निर्देशक एस एस राजामौली भी यह फिल्म देखने थिएटर में पहुंचे। राजामौली हैदराबाद के विमल सिनेमाघर में फिल्म 'पुष्पा 2' देखने पहुंचे। उनका वीडियो वायरल रहो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एस एस राजामौली हैदराबाद के विमल थिएटर में आयोजित स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे। पैपराजी की नजर जैसे ही उन पर पड़ी, वे चुपचाप कार में बैठे और रवाना हो गए। एस एस राजामौली फिल्म के हैदराबाद में आयोजित प्री-रिलीज इवेंट में भी उपस्थित रहे थे।

लाइफ Style

श्रद्धा को-स्टार्स की जमकर की तारीफ

मासूम चेहरे से फैंस के होश उड़ा देने वाली टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने फ्लॉप फिल्म से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ नजर आए आदित्य रॉय कपूर के साथ उनके अफेयर की भी खूब चर्चा हुई थी।अब श्रद्धा कपूर ने अपने को-स्टार्स के बारे में बात की है। साथ ही उनकी जमकर तारीफ भी की है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रद्धा कपूर ने कई फिल्मों में काम किया है और इंडस्ट्री के प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ स्क्रीन साझा की है।उनके साथ काम करने के अलावा, अभिनेत्री ने अपने को-स्टार्स के साथ एक अच्छा रिश्ता भी बनाया है। उनके को-स्टार में रणबीर कपूर, आदित्य रॉय कपूर, राजकुमार राव और अन्य कई एक्टर्स शामिल हैं। हाल ही में एक बातचीत में, उन्होंने इन अभिनेताओं के बारे में बात की है। श्रद्धा कपूर ने पिंकविला से हुई खास बातचीत में बताया कि वह अपने को-स्टार्स को एक शब्द में कैसे डिफाइन करेंगी। जब उनसे उनके 'स्त्री' ऑन-स्क्रीन पार्टनर, राजकुमार राव के बारे में पूछा गया, तो एक्ट्रेस ने उन्हें 'अद्भुत अभिनेता' कहा, जिससे उनके प्रतिभा के प्रति गहरा सम्मान प्रकट हुआ। उन्होंने वरुण धवन के बारे में भी बात की, जिन्होंने बॉक्स-ऑफिस हिट फिल्म में एक कैमियो किया था। श्रद्धा ने धवन को अपना 'बेहतरीन दोस्त' बताया. इसके बाद उन्होंने अपने 'तू झूठी मैं मक्कार'को-एक्टर रणबीर कपूर की जमकर तारीफ की और कहा कि वह 'काम करने के लिए परफेक्ट पर्सनल हैं।' फिर, सिद्धार्थ मल्होत्रा को मजाक में 'ऐ विलेन' कहा, जो उनके साथ रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'एक विलेन' में नजर आए थे।

हॉलीवुड मसाला

एमसीयू में क्रिस इवांस की वापसी

लॉस एंजिल्स। क्रिस इवांस मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बार वह जो और एंथनी रूसो के निर्देशन में बन रही फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म में क्रिस किस किरदार में होंगे यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। सूत्रों का कहना है कि एंथनी मैकी का सैम विल्सन कैरेक्टर भी इस फिल्म में कैप्टन अमेरिका के रूप में वापसी करेगा, जिसकी वजह से क्रिस इवांस के कैप्टन अमेरिका के कॉस्ट्यूम में दिखने की संभावना थोड़ा कम ही नजर आ रही है।

'स्पाइडर-मैन 4' का कर रहे इंतजार

लॉस एंजिल्स। टॉम हॉलैंड की अगली स्पाइडर-मैन फिल्म का नाम भले ही अभी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आया हो, लेकिन इस फिल्म को लेकर कई अहम जानकारियां अब सामने आ गई हैं। इस फिल्म की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होगी और फिल्म जुलाई 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की निर्माता एमी पास्कल ने हाल ही में इस फिल्म की कहानी के बारे में कुछ अहम जानकारी दी। एमी पास्कल के मुताबिक इस फिल्म में पीटर पार्कर का किरदार पूरी तरह से स्पाइडर-मैन बनने का निर्णय लेगा और अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को छोड़ देगा। यह कहानी 'स्पाइडर-मैन: नो वे होम' के भावुक अंत से अलग होगी, जहां पीटर ने मल्टीवर्स संकट को खत्म करने के लिए अपनी पहचान सबकी यादों से मिटा देता है, जिसमें उसके करीबी दोस्त एमजे और नेड भी शामिल थे।

बॉलीवुड के अलावा साउथ में भी बजेगा डंका

नई दिल्ली। कियारा आडवाणी के पास कई आगामी प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें वे नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में निर्देशक फरहान अख्तर की डॉन 3, राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म वॉर 2 और हो सकता है कि कियारा भूल भुलैया 4 का भी हिस्सा बन सकती हैं। राम चरण की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर, जिसकी रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में कियारा आडवाणी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। गेम चेंजर 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी डॉन 3 का निर्देशन फरहान अख्तर कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर के अलावा कियारा आडवाणी की एंट्री भी हो गई है। वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी।

तुर्की में होगी 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' की शूटिंग

नई दिल्ली। फहद फासिल इन दिनों अपनी नई फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म में उन्होंने भंवर सिंह शेखावत के रूप में खलनायक का किरदार निभाया है। फहद फासिल की पहली बॉलीवुड फिल्म का नाम 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' है, जो एक अपरंपरागत प्रेम कहानी है, जिसमें उनके साथ तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में होंगी और इसका निर्देशन इम्तियाज अली करेंगे। कहानी के लिए इडियट्स ऑफ इस्तांबुल जैसा शीर्षक चाहिए, क्योंकि दो प्रमुख पात्र तुर्की के सबसे बड़े शहर की यात्रा पर हैं। फहद फासिल की फिल्म में कास्टिंग एकदम सही है और अभिनेता भी इम्तियाज अली और टीम के साथ यात्रा करने के लिए उत्साहित हैं। इसकी कथा सीमा पार जाएगी और फिल्म का अधिकांश भाग भारत के अलावा यूरोप में भी फिल्माया जाएगा।

टीवी मसाला

प्रतियोगी को सांत्वना देते नजर आए बिग बी

नई दिल्ली। केबीसी के मंच पर अमिताभ बच्चन प्रतिभागियों से सवाल पूछने के साथ-साथ कई बार दिलचस्प चर्चा भी करते दिखते हैं। इसमें कभी सामाजिक मुद्दे होते हैं, तो कभी खुद उनकी निजी जिंदगी से जुड़े। हालिया एपिसोड में बिग बी अपने परिवार में होने वाले अंतर-सांस्कृतिक विवाहों पर बात करते नजर आए। दरअसल, शो में आए प्रतियोगी आशुतोष सिंह ने बताया कि परिवार के मर्जी के खिलाफ शादी करने के बाद उनके माता-पिता ने उनसे बात करना बंद कर दिया और रिश्ता तोड़ दिया। इस पर बिग बी प्रतिभागी को सांत्वना देते दिखे। प्रतिभागी आशुतोष ने कहा, 'अपने माता-पिता से मेरी पांच साल से बातचीत नहीं हुई है। मुझे पता है कि वे नियमित रूप से केबीसी देखते हैं, इसलिए मेरे लिए यहां आना महत्वपूर्ण था, ताकि मैं आपसे इस बारे में बात कर सकूं और शायद वे हमारी बात सुन सकें'। आशुतोष को सांत्वना देते हुए बिग बी ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज का एपिसोड देखने के बाद आपके माता-पिता आपसे फिर से बात करेंगे। आप वह बातचीत कर पाएंगे, जिसके लिए आप तरस रहे हैं'। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने अपने परिवार के अंतर-सांस्कृतिक विवाहों का उदाहरण पेश किया। उन्होंने बताया कि बच्चन परिवार के सदस्यों ने अलग-अलग सांस्कृतिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि के लोगों से शादियां रचाई हैं।

रिश्तों की डोर पर चली कैंची, अविनाश ने बेस्टफ्रेंड विवियन को किया नॉमिनेट

नई दिल्ली। बिग बॉस 18 के हर बीतते एपिसोड के साथ शो में रोमांच बढ़ते ही जा रहा है। इस हफ्ते का वीकेंड का वार काफी दिलचस्प रहा था। इस बार रविवार के एपिसोड में सलमान खान की जगह फराह खान शो के होस्ट के तौर पर नजर आई थीं। उन्होंने होस्ट बनकर सभी घरवालों को जमकर खरी-खोटी सुनाई फराह खान ने ईशा सिंह के साथ ही रजत दलाल की भी खूब क्लास लगाई। करणवीर मेहरा को टारगेट करने के लिए फराह खान ने ईशा सिंह को फटकार लगाते हुए करण की तुलना बिग बॉस13 के विनर सिद्धार्थ शुक्ला के साथ कंपेयर किया। इसके साथ ही बिग बॉस के घर में गेस्ट के तौर पर सान्या मल्होत्रा और सुनिधी चौहान की एंट्री हुई थी।

'पुष्पा 2' ने भारत में पार किया 600 करोड़ का आंकड़ा

मुंबई। 'पुष्पा 2: द रूल' ने 6 दिन में कुल 622.36 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है और इसी के साथ फिल्म ने 'स्त्री 2' का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसी साल पर्दे पर आई श्रद्धा कपूर की फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 597.99 करोड़ रुपए कमाए थे। 'स्त्री 2' को पछाड़कर 'पुष्पा 2: द रूल' अब भारत की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में 6ठें नंबर पर आ गई है। वर्ल्डवाइड भी 'पुष्पा 2: द रूल' का जलवा है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म दुनिया भर में 900 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने अपने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज है। फिल्म 5 दिसंबर को पर्दे पर आई है और पहले दिन से ही हर रोज रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर रही है। 'पुष्पा 2: द रूल' ना सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया भर में हर रोज करोड़ों का कारोबार कर रही है। महज 6 दिन में फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है।सैकनिल्क के मुताबिक 'पुष्पा 2: द रूल' ने पहले दिन 164.25 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी. पेड प्रीव्यू के साथ ये कलेक्शन 174.95 करोड़ रुपए हो गया था।

ताकत का गलत इस्तेमाल हो रहा

नई दिल्ली। सनी देओल बॉलीवुड के उन अनुभवी अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री के उतार-चढ़ाव को काफी करीब से देखा है। पिछले दशकों में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलावों को भी उन्होंने महसूस किया है। हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान सनी देओल ने कहा कि बॉलीवुड में रचनात्मकता की कमी का मुख्य कारण कॉर्पोरेट्स द्वारा अपनी शक्ति का गलत उपयोग है। सनी देओल ने कहा, 'जब सब कुछ व्यावसायिक हो जाता है और कॉर्पोरेट्स इंडस्ट्री में आते हैं तो जो लोग बड़े पदों पर होते हैं वे शक्ति का गलत इस्तेमाल करते हैं।' अभिनेता के मुताबिक यही कारण है कि बॉलीवुड में रचनात्मकता कम हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कॉर्पोरेट्स का आगमन हुआ तो वे सिनेमा के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते थे और यही वजह थी कि सिनेमा की दिशा बदलने लगी। सनी ने आगे कहा, 'अब वह सिनेमा देखने को नहीं मिलता, जो पहले मिलता था। आजकल के गाने लोग जल्दी ही भूल जाते हैं, क्योंकि वे दिल को छूने वाले नहीं होते।' हालांकि, सनी ने यह भी माना कि यह बदलाव केवल बॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है और इसे किसी एक कारण पर आरोपित नहीं किया जा सकता। यह एक वैश्विक बदलाव है और सभी को इसी हिसाब से चलना चाहिए।

प्रीति ने बताया प्रकृति को कुछ वापस देने का महत्व

नई दिल्ली। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल, प्रीति जिंटा ने अपने अभिनय और चुलबुले अंदाज से फैंस के दिलों पर राज किया है। जीन गुडइनफ से शादी करने के बाद प्रीति जिंटा परदेस में बस गई हैं। मगर, दिल से वे देसी हैं। प्रीति जिंटा हिमाचल प्रदेश से ताल्लुक रखती हैं। अभिनय और फिल्मों के अलावा प्रीति जिंटा अपने होमटाउन से जुड़ी यादें भी सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। आज उन्होंने तीन साल पुरानी एक याद ताजा की है और साथ ही पर्यावरण पर बात की है। अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रीति जिंटा प्रकृति सेवा और प्रकृति को कुछ वापस लौटाने के महत्व पर बात करती दिखी हैं। तस्वीरों साझा करते हुए प्रीति जिंटा ने बताया कि उन्होंने करीब तीन साल पहले अपने होमटाउन में देवदार के पौधे रोपे थे। अब वे बढ़ने लगे हैं। यह देखकर उनकी खुशी सातवें आसमान पर है। प्रीति जिंटा ने पौधारोपण के समय की तस्वीर और अब बढ़े हुए पौधे की तस्वीर दोनों साझा की हैं। प्रीति जिंटा ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'मैंने यह हिमालयन देवदार का पौधा करीब तीन साल पहले लगाया था। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के बीच इसे बढ़ता और फलते-फूलते देखकर बहुत खुशी हुई, क्योंकि यहां की सर्दी और भी ज्यादा बढ़ गई है'।

ओटीटी पर होगी मनोज बाजपेयी से लेकर सूर्या तक की धूम

इस हफ्ते रिलीज होंगी ये फिल्में-वेब सीरीज

मुंबई। नेटफ्लिक्स के मिसमैच्ड के तीसरे सीजन से लेकर कंगुवा के ओटीटी प्रीमियर तक, दिसंबर का दूसरा हफ्ता किसी रोमांच से कम नहीं है। यहां दिसंबर के दूसरे हफ्ते के बीच रिलीज होने वाली बेहतरीन फिल्में और वेब सीरीज की लिस्ट देखिए।

मिसमैच्ड सीजन 3

इस लिस्ट में सबसे पहले बात करते हैं 'मिसमैच्ड सीजन 3' की। प्राजक्ता कोली और रोहित सराफ की मुख्य भूमिकाओं वाली यह रोमांटिक ड्रामा अपने तीसरे सीजन के साथ वापस आ गई है। नेटफ्लिक्स सीरीज संध्या मेनन के 2017 के उपन्यास व्हेन डिंपल मेट ऋषि से प्रेरित है। यह डिंपल और ऋषि की रोमांटिक प्रेम कहानी पर आधारित है और इसमें दिखाया जाएगा कि यह जयपुर के एक कॉलेज में एक-दूसरे से टकराने के बाद उनके बीच कैसे बंधन बढ़ता है। यह सीरीज 13 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



डिस्पैच

डिस्पैच भी इस हफ्ते रिलीज होगी। इस फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी मुंबई के एक छोटे से टैब्लॉइड में एक अनुभवी अपराध संपादक की भूमिका निभाएंगे, जो डिजिटल युग में अपनी साख को बनाए रखने के लिए संघर्ष करते हुए एक खतरनाक जांच में फंस जाता है। यह सीरीज 13 दिसंबर को जी5 पर रिलीज होगी।

कंगुवा

कंगुवा 14 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई । जल्द ही दिसंबर में ओटीटी पर रिलीज होने वाली इस फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। इसमें सूर्या और बॉबी देओल मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें दिशा पटानी भी हैं। यह बॉबी देओल और दिशा पाटनी की तमिल डेब्यू फिल्म भी है। यह फिल्म एक आदिवासी योद्धा की कहानी है, जो 1070 में अपने लोगों को बचाने के लिए लड़ रहा है, लेकिन उसका मिशन रहस्यमय तरीके से वर्तमान दुनिया में एक इनाम शिकारी की खोज से जुड़ा हुआ है। यह 13 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर धमाल मचाएगी।

बंदिश बैंडिट्स सीजन 2

बंदिश बैंडिट्स इस हफ्ते अपने दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहा है। इस शो में ऋत्विक भौमिक, श्रेया चौधरी, नसीरुद्दीन शाह, अतुल कुलकर्णी और अन्य कलाकार हैं। यह राधे और तमन्ना नामक दो संगीतकारों की कहानी है, जो पूरी तरह से अलग-अलग पृष्ठभूमि से आते हैं। वे खुद को खोजने के लिए एक अजीब यात्रा पर निकलते हैं। 'बंदिश बैंडिट्स' सीजन 2, 13 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

बोगेनविला

कुंचाको बोबन, ज्योतिर्मयी और फहद फासिल अभिनीत 'बोगेनविला' एक मलयालम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म है अमल नीरद द्वारा निर्देशित, फिल्म रितु (ज्योतिर्मयी) पर आधारित है, जो प्रतिगामी भूलने की बीमारी से पीड़ित है। उसकी साधारण शादीशुदा जिंदगी में तब एक गहरा मोड़ आता है, जब वह गुमशुदा लोगों के कई मामलों में मुख्य संदिग्ध बन जाती है। इस फिल्म से ज्योतिर्मयी ने करीब एक दशक बाद वापसी की है। यह 13 दिसंबर को सोनीलिव पर रिलीज होगी।